●वर्ष : 16 ●अंक : 219 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 02 दिसम्बर 2024

## समाचार

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा का विपक्ष पर तंज, देश बदल चुका है, बस तुम्हारा स्टेटस नहीं बदला



नूना न्यूज एजेंसी।

इंदौर (मध्यप्रदेश)। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में देश बदल चुका है लेकिन विपक्षी दलों का विपक्ष का दर्जा अब तक नहीं बदला। नड्डा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। उन्होंने विश्व एड्स दिवस पर इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान कहा,मैं आज राजनीति नहीं करना चाहता हूं लेकिन कई लोग बोलते हैं कि देश में कुछ भी नहीं बदला है। मैं उन्हें बस इतना बोलता हूं कि तुम्हारा स्टेटस (दर्जा) नहीं बदला, बाकी सब बदल गया है। तुम विपक्ष के विपक्ष में ही रहे और ऐसे रहोगे, तो आगे भी ऐसे ही रहोगे। नड्डा ने कोविड–19 वैश्विक महामारी के खिलाफ भारत के सफल अभियान का जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में चिकित्सा के अलग–अलग क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा,यह किसी को दिखाई दे जाए कि देश कैसे बदलता है, तो बहुत अच्छी बात है। मैं कई बार बोलता हूं कि मैं आपकी देखने की क्षमता में सुधार तो कर सकता हूं पर आपको नजरिया नहीं दे सकता। अब किसी में नजरिया ही ना हो, तो मैं क्या करूं? नड्डा ने यह भी कहा कि नजरिये के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा, भारत में टिटनेस की दवा आने में 40 वर्ष, टीबी की दवा आने में 20 से 25 वर्ष, डिप्थीरिया की दवा आने में 20 वर्ष और जापानी इन्सेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) की दवा आने में 100 साल लग गए थे।

### पाकिस्तान से घुसपैठ रोकने के लिए बीएसएफ ने जम्मू में दो और बटालियन तैनात कीं

**नयी दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान सीमा से घुसपैठ को बेहतर ढंग से रोकने और क्षेत्र में हाल में बढ़ी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जम्मू क्षेत्र में 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नयी बटालियन तैनात की हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि इन बटालियन के जवानों को पाकिस्तान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की तैनाती वाले स्थान के ठीक पीछे रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में तैनात किया गया है। बल की इन दो बटालियन को हाल में ओडिशा के नक्सल–रोधी अभियान क्षेत्र से हटा लिया गया था और अब इन्हें पूरी तरह से जम्मू क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह कार्य सर्दियों के शुरू होने से पहले पूरा किया जाना था, जब पाकिस्तान से होने वाली घुसपैठ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सूत्रों ने बताया कि नयी इकाइयों के कर्मियों को सांबा क्षेत्र, जम्मू क्षेत्र के कुछ अन्य संवेदनशील इलाकों और जम्मू से लगती पंजाब सीमा पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस अनेक तैनाती बिंदु बनाए गए हैं।

## महाराष्ट्र में सीएम पर सस्पेंस बरकरार

# डिप्टी सीएम पद लेने को तैयार नहीं एकनाथ शिंदे : सूत्र

### ›› बैठक अच्छी और सकारात्मक'' रही: शिंदे

एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख जे. पी. नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक'' बातचीत हुई। शिंदे ने मुंबई रवाना होने से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर फैसला एक या दो दिन में'' राज्य की राजधानी में महायुति गठबंधन की एक अन्य बैठक में किया जाएगा।



नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सरकार में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है. सूत्रों के अनुसार शिंदे उपमुख्यमंत्री पद लेने के लिए तैयार नहीं हैं. सूत्रों के अनुसार एकनाथ शिंदे खुद सरकार का हिस्सा नही रहेंगे. लेकिन पार्टी से दूसरे किसी को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में शिंदे के साथ चर्चा हुई थी. लेकिन वो नहीं माने. हालांकि एकनाथ शिंदे को मनाने की कोशिशें जारी है. सामने आई जानकारी के अनुसार शिंदे ने विधान परिषद के सभापति पद की मांग की है. इसके अलावा होम मिनिस्ट्री एवं नगर विकास विभाग की भी मांग की गई है।

शिंदे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए बृहस्पतिवार रात यहां शाह और नड्डा से मुलाकात की थी. निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा, हम एक या दो दिन में (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर) निर्णय लेंगे. हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी. जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन ने हाल में हुए विधानसभा चुनावों में 288 सदस्यीय सदन में 230 सीट पर जीत दर्ज की तथा विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) को 46 सीट पर समेट दिया. भाजपा ने 132 सीट, शिवसेना ने 57 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने 41 सीट जीतीं. महाविकास आघाडी में शामिल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने 10 सीट पर जीत दर्ज की।

### ›› प्रधानमंत्री और शाह के निर्णय का पालन करेंगे

शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे. उन्होंने कहा, लाडका भाऊ' (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है.' शिंदे ने कहा कि बैठक अच्छी और सकारात्मक'' रही. उन्होंने कहा, हम सभी ने सरकार गठन पर चर्चा की. सहयोगी दलों के बीच अच्छा समन्वय है, हम सभी बहुत सकारात्मक हैं और हम लोगों द्वारा दिए गए स्पष्ट जनादेश का सम्मान करेंगे. हम जल्द सरकार बनाएंगे.'' यह पहली बैठक थी. महायुति की एक और बैठक मुंबई में होगी।

## 'महाराष्ट्र में अब तक राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं?' आदित्य ठाकरे बोले

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** में विधानसभा चुनाव के परिणाम आए एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन अभी तक सरकार गठन तो दूर राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा यही नहीं तय हो पाया है। इस बार भी परिणामों में बहुमत सत्ताधारी महायुति गठबंधन के पक्ष में ही आया है, लेकिन सीएम पद को लेकर अभी भी माथापच्ची हो रही है। इस बीच, शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने इस देरी को लेकर महायुति गठबंधन पर निशाना साधा है। सरकार गठन में देरी को उन्होंने महाराष्ट्र का अपमान बताया है।

एक्स पर एक पोस्ट कर आदित्य ठाकरे ने लिखा कि विधानसभा चुनाव नतीजों की घोषणा के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी मुख्यमंत्री पर निर्णय लेने और सरकार बनाने में महायुति की असमर्थता महाराष्ट्र का "अपमान" है। ठाकरे ने यह सवाल भी किया कि राज्य में अभी तक राष्ट्रपति शासन क्यों लागू नहीं किया गया है।

शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल के नेता ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि नियम केवल विपक्षी दलों पर लागू होते हैं। ये कुछ "विशेष लोगों" के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने का दावा पेश किए बिना और राज्यपाल को संख्या बल दिखाए बिना एकतरफा तरीके से शपथ ग्रहण की तारीख घोषित करना पूरी तरह से अराजकता है। इस सबके बीच, कार्यवाहक मुख्यमंत्री छोटी छुट्टी पर हैं। ये हमने पहले भी नियमित रूप से देखा है। महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण समारोह के लिए तारीख का एलान हो गया है। बीते दिन महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने इस बात की घोषणा कर दी थी कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे आजाद मैदान मुंबई में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### अतीत और वर्तमान, बाधाओं से जूझती रही हिंदी

हिंदी की जब भी चर्चा होती है, दो तरह के भाव आते हैं। इसे लेकर पहला भाव उत्साह और गर्वबोध वाला होता है। हिंदी के क्षितिज के लगातार हो रहे विस्तार और उसके गवीर्ले अतीत को लेकर हिंदीप्रेमी जहां उत्साह से भर उठते हैं, वहीं अंग्रेजी माध्यम से पढ़े गुलामी की मानसिकता वालों के चेहरे पर विद्रूप और व्यंग्यभरी मुस्कान चिपक जाती है। दक्षिण और पूर्वी भारत के कुछ इलाकों के राजनीतिक तो हिंदी से अछूत जैसा व्यवहार करने में स्वयं जहां गर्वबोध का अनुभव करते हैं, वहीं अपने समर्थकों को हिंदी को दुश्मन की तरह मानने के लिए उकसाने में भी पीछे नहीं रहते। इसके बावजूद हिंदी का प्रभाव क्षेत्र बढ़ता जा रहा है, विशेषकर आमजन की बोली-बानी के रूप में यह स्थापित होती जा रही है। इतने सारे विरोध के बावजूद और अड़ंगे के बावजूद हिंदी अगर बढ़ती नजर आ रही है तो मानना पड़ेगा कि उसमें कुछ बात जरूर है। हिंदी के इस प्रभावी हश्र पर इकबाल की पंक्तियां याद आना स्वाभाविक है। हिंदी की राह में आजादी के पहले ज्यादा बाधाएं नहीं थीं। इसकी शायद यह बड़ी वजह रही कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के अगुआ महात्मा गांधी स्वयं हिंदी के हिमायती थे। उनके पहले केशव चंद्र सेन, लोकमान्य तिलक जैसी हस्तियां भी देश के हृदयों को नजदीक लाने में हिंदी की सामर्थ्य को पहचान चुके थे। इसीलिए गैर हिंदीभाषी होने के बावजूद उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन की केंद्रीय भाषा हिंदी को बनाने की कोशिश की और भावी भारत की भाषायी जरूरतों के लिहाज से हिंदी को तैयार करने की कोशिश भी की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, कर्नाटक हिंदी प्रचार सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति जैसी संस्थाओं की स्थापना का उद्देश्य हिंदी को भावी भारत की भाषायी जरूरत के लिहाज से ना सिर्फ तैयार करना था, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच मजबूत सेतु के रूप में स्थापित करना भी था। हिंदी इस दिशा में आगे बढ़ती रही। कांग्रेस के दस्तावेज भले ही अंग्रेजी बनते रहे, लेकिन बहसों और उसके वार्षिक अधिवेशनों की भाषा हिंदी ही रही। 1938 में कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने के बाद हिंदी के इस प्रभाव को सुभाष चंद्र बोस ने भी समझा और बाकायदा हिंदी सीखी। कांग्रेस अध्यक्ष के नाते पार्टी के वार्षिक अधिवेशन को उन्होंने हिंदी में ही संबोधित किया था।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संभल जाएगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

### खरगे बोले- सरकार खुद सदन स्थगित कर रही है

नूना न्यूज एजेंसी।

**संभल।** में हुई हिंसा को लेकर विपक्षी दल उत्तर प्रदेश सरकार पर हमलावर हैं। रविवार को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल संभल में लोगों से मिलने जाएगा। इससे पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने संभल जाने की कोशिश की थी। जिसे पुलिस ने रोक दिया था। दिल्ली में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों ने जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे से पूछा कि, क्या कांग्रेस का कोई प्रतिनिधिमंडल संभल जाएगा। इस पर खरगे ने कहा कि, हां प्रतिनिधिमंडल जाएगा। संसद के समय से पहले स्थगित होने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम सदन नहीं चलने देते ये उनका (सरकार) आरोप है। मेरा आरोप ये है कि 2 मिनट में कार्यवाही स्थगित होती है। सरकार खुद स्थगित कर रही है। कभी आपने सुना है कि 5 मिनट में कार्यवाही स्थगित हो गई है? इतने लोग वहां चुन कर आए हैं उनकी बात सुने बिना कार्यवाही स्थगित होती है। ये उनकी गलती है हमारी नहीं। विपक्ष को विश्वास में लेकर सदन चलाना चाहिए।



## दिल्ली में लगातार आठवें दिन बेहद खराब श्रेणी में रही वायु गुणवत्ता

नूना न्यूज एजेंसी।

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीली हवा का प्रकोप जारी है और रविवार को लगातार आठवें दिन वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 रहा, जो शनिवार के 24 घंटे के औसत 346 से थोड़ा कम है। हर घंटे आंकड़े प्रदान करने वाले समीर ऐप के अनुसार, शहर के 38 निगरानी स्टेशन में से 23 स्टेशन में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सुबह 8:30 बजे आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## दिल्ली चुनाव को लेकर केजरीवाल का बड़ा बयान




### ››› आप का किसी पार्टी से नहीं होगा गठबंधन

अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'नरेश बाल्यान को फंसाया गया है. उन्हें खुद धमकी मिल रही थी. इस बारे में नरेश बाल्यान ने दिल्ली पुलिस को कई पत्र लिखे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. दरअसल, नरेश बाल्यान खुद पीड़ित हैं.' साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था खराब होती जा रही है. मुझ पर फेंका गया तरल पदार्थ हानिरहित था, लेकिन यह हानिकारक हो सकता था. संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए आप का कोई गठबंधन नहीं होगा। आम आदमी पार्टी दिल्ली के विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी, कांग्रेस के साथ उसका कोई गठबंधन करने का इरादा नहीं है।

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रैली के दौरान उन पर पानी फेंके जाने के बाद कहा कि हम कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं, केंद्र से कार्रवाई की उम्मीद है. इसके साथ ही आप विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला किया. उन्होंने कहा कि क्या मुझ पर हमले और मेरे विधायक की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के व्यापारी, महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगे।

### कांग्रेस से गठबंधन पर खोले पत्ते

### ››› 'खुलेआम सड़कों पर गोलियां चलाई जा रही'

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि ऐसा लगता है कि जैसे दिल्ली पर गैंगस्टर्स ने कब्जा कर लिया है. दिल्ली की सुरक्षा और कानून व्यवस्था केंद्रीय ग्रहमंत्री के अंतर्गत आती है. उन्होंने कहा कि उनके एक विधायक नरेश बाल्यान ने एक गैंगस्टर की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने गैंगस्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उल्टा हमारे विधायक को ही गिरफ्तार कर लिया. केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से ठोस कदम उठाने की उम्मीद कर रही है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है. खुलेआम सड़कों पर गोलियां चलाई जा रही हैं. केजरीवाल ने अपने ऊपर हुए हमले का जिक्र भी किया. उन्होंने कहा कि वह पदयात्रा में जा रहे थे, इस दौरान उनके ऊपर लिक्विड फेंका गया।

### ››› 'उल्टा नरेश बाल्यान को ही कर लिया गिरफ्तार!'

केजरीवाल ने कहा कि उनके विधायक नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसका कसूर यह था कि वह भी गैंगस्टर्स का पीड़ित था। उसके पास फिरौती और अन्य चीजों को लेकर एक गैंगस्टर की कॉल आ रही थी. केजरीवाल का कहना है कि विधायक ने डेढ़ वर्ष पहले पुलिस से मामले की शिकायत भी की थी और बताया था कि उसे कपिल सांगवान उर्फ नंदू नाम के गैंगस्टर की कॉल आ रही है. गैंगस्टर द्वारा विधायक और उसके परिवार को धमकियां दी जा रही रही थीं. केजरीवाल ने कहा कि उनके विधायक ने दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर से मामले की शिकायत की थी. इस शिकायत में विधायक ने पुलिस को बताया था कि गुंडे उनके बेटे को लेकर भी धमकियां दे रहे हैं. केजरीवाल के मुताबिक, उनके विधायक को वसूली करने के लिए मजबूर किया जा रहा था, लेकिन विधायक ने गैंगस्टर की बात नहीं मानी और उसका फोन काट दिया. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि बालियान की शिकायत पर कार्रवाई करने की बजाय पुलिस ने शनिवार को नरेश बालियान को ही गिरफ्तार कर लिया।

## 'हमारी लड़ाई देश की आत्मा के लिए'

### वायनाड दौरे पर प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा



नूना न्यूज एजेंसी।

**वायनाड।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने रविवार को वायनाड के मनंतवाडी में एक रैली की। उन्होंने इस रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि आज लड़ाई उस ताकत के खिलाफ है जो लोगों के अधिकारों को कमजोर करके उसे अपने व्यापारी मित्रों के हवाले कर रही है। प्रियंका गांधी ने बताया कि कांग्रेस अपने राष्ट्र की भावना के लिए लड़ रही है।

**›› प्रियंका गांधी ने भाजपा को घेरा**

मनंतवाडी में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, "आज हम अपने राष्ट्र की भावना, भारत की आत्मा के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हम एक ऐसी ताकत के खिलाफ लड़ रहे हैं जो हमारे देश की नींव पर बनी संस्थाओं को नष्ट करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है।" प्रियंका गांधी ने लोगों के साथ रहने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का वादा किया।

**››› लोगों का किया धन्यवाद--------**

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, "आपके प्यार, समर्थन और मुझे अपना सांसद बनाने के लिए आपका धन्यवाद। यूडीएफ कार्यकताओं ने मेरी जीत के लिए बहुत मेहनत की। मैं उन सभा का धन्यवाद करती हूं।

बता दें कि प्रियंका गांधी वायनाड की दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरे में राहुल गांभी भी उनके साथ हैं। शनिवार को प्रियंका ने तिरुवंबाडी के मुक्कम, निकंबूर के कौलाई, कोझीकोड के वंदूर और एडवन्ना और मलप्पुरम में आयोजित रैलियों में हिस्सा लिया। उन्होंने वायनाड उपचुनाव में 4,10,931 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

## जांच जारी रहेगी — कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक आयोग के सदस्यों ने किया संभल में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा

नूना न्यूज एजेंसी।

**उत्तर प्रदेश।** के संभल में पिछले महीने शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच चल रही है। इसके लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति गठित की गयी थी, जिसमें रविवार को इलाके का दौरा किया। आयोग के प्रमुख एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद सहित शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। आयोग के तीसरे सदस्य पूर्व आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद रविवार के दौरे के दौरान मौजूद नहीं थे। अरोड़ा और जैन के साथ मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी, संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार भी थे। संभल का दौरा पूरा होने के बाद अरविंद कुमार जैन ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जांच जारी रहेगी, यह दो महीने तक जारी रहेगी। बता दें, आयोग को दो महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। आयोग इस बात की जांच कर रहा है कि क्या पिछली 24 नवंबर को हुई हिंसक झड़पें स्वतःस्फूर्त थीं या किसी सुनियोजित आपराधिक साजिश का हिस्सा थीं। इसके साथ ही स्थिति को संभालने में पुलिस और प्रशासन की तैयारियों की भी जांच होगी। आयोग हिंसा के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों का भी विश्लेषण करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों की सिफारिश करेगा। संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई थी और अनेक अन्य घायल हो गए थे। सर्वेक्षण का आदेश एक याचिका पर दिया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद स्थल पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।



# राम लीला मैदान में उमड़ा जन सैलाब

## दलित, ओबीसी, मॉइनोरिटीज एवं आदिवासी (डोमा) परिसंघ के तत्वावधान में दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन,मल्लिकार्जुन खरगे भी हुए शामिल



**नई दिल्ली।** दलित, ओबीसी, मॉइनोरिटीज एवं आदिवासी (डोमा) परिसंघ के तत्वावधान में आज दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। रैली को मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ. और सिर्फ. लोगों को धर्म,जाती के नाम पर बांटने का काम किया है और यही कारण है कि देश में बेरोजगारी और महंगाई आसमान छू रही है। यह नारा देते हैं कि बटेंगे तो कटेंगे जबकि बांटने वाले भी यही हैं और काँटने वाले भी यही हैं।उन्होंने ई वी एम बैन करने की मांग की और वक़्फ अमेंडमेट बिल व मस्जिदों में हो रहे सर्वे पर भी आपत्ति दर्ज की। डोमा परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज रामलीला मैदान से ऐलान किया जाता है कि 80:20 करने वालों को 15:85 से जवाब दिया जाएगा। दलित, ओबीसी एवं आदिवासियों की संख्या देश मे 85 प्रतिशत है और ये आपस में एक-दूसरे के अधिकारों का हनन नहीं करते। जातिवादी एवं मानुवादी ताकतें इनको आपस में लड़ाती रहती हैं। डॉ. उदित राज ने कहा कि क्या मण्डल का विरोध मुसलमानों ने किया। क्या मुसलमानों ने मण्डल के विरोध में कोई रथ यात्रा निकाली? क्या मुसलमान जाति जनगणना का विरोध कर रहे हैं। प्रतिदिन 6 दलित महिला का रेप होता है, क्या मुसलमान करते हैं? 2018 से लैटरल एंट्री के माध्यम से आईएएस की भर्ती हो रही है, लेकिन उसमें दलित, ओबीसी का आरक्षण नहीं था। क्या इस अधिकार की कटौती मुसलमानों ने किया? निष्कर्ष यह निकलता है कि दलित, ओबीसी, मॉइनोरिटी एवं आदिवासी एक हों और संविधान तथा आरक्षण बचाएं, जाति जनगणना के लिए संघर्ष करें, ईवीएम के स्थान पर बैलट पेपर से चुनाव हो, आरक्षण की सीमा 50% से बढ़ाई जाए। डोमा परिसंघ के राष्ट्रीय महासचिव, एड. शाहिद अली ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ की जानकारी जितना मैं रखता हूँ देश में शायद ही कोई हो। मैंने वक्फ के बहुत मुकदमे लड़ें हैं और देखा है कि वक्फ की तमाम संपत्तियों पर कब्जा किया गया है। वक्फ प्रॉफिट मोहम्मद के समय से ही चल आ रहा है और अंग्रेजों ने भारत में 1931 में वक्फ की संपत्तियों का सर्वे कराया था। उन्होंने कहा कि यह कहना की वक्फ किसी सरकार या व्यक्ति की देन है, गलत है, वक्फ बिल वापिस होना चाहिए। अब दलित, आदिवासी हमारे साथ है तो हम इस बिल को पास नहीं होने देंगें। देश के जाने-माने ओबीसी के नेता श्री हनुमंत राव ने कहा कि जाति जनगणना कराकर रहेगे। डोमा के साथ पूरे देश में जाति जनगणना के लिए अभियान चलाएंगें। उन्होंने ओबीसी समाज से आवाहन किया कि उनका साथ छोड़ो जो जाति जनगणना के विरोध में हैं। श्री रामलू नायक (पूर्व एमएलसी) ने कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहा जाता है। आरएसएस, एकल विद्यालय के माध्यम से आदिवासियों के दिलों-दिमाग में मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरती रहती है, जबकि मुस्लिम कभी भी आदिवासियों के आरक्षण का विरोध नहीं करता। मंच संचालन श्री सतीश कुमार सांसी, राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर एवं प्रो. रवि महिंद्रा, राष्ट्रीय महासचिव ने किया। रैली के विशिष्ट अतिथि नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री उपेन्द्र यादव, इनके अतिरिक्त सांसद श्री तारिक अनवर, गुरदीप सप्पल, सांसद झ श्री मनोज कुमार, दिल्ली कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन, विधायक मामन खान एवं आफताभ, पूर्व विधायक गायसुद्दीन शेख, परवेज मियां ने संबोधित किया। रैली में डोमा परिसंघ के पूरे देश के विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।






आम आदमी पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह तथा भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते भाजपा नेता गौरव भाटिया व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा।

# गोहाना के ज्वैलर्स से रंगदारी मांगने वाले बदमाशों के साथ सीआइए सोनीपत की हुई मुठभेड़

## सीआइए सोनीपत व बदमाशों के बीच हुई फायरिंग, बदमाश मौके पर कार छोड़कर भागे





बिजली निगम के कार्यालय प्रांगण से बदमाश भागने पर जानकारी लेते डीएसपी अमित भाटिया तथा पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ में बदमाशों द्वारा छोड़ी कार की जांच करते पुलिस।

नरवाना : जिला सोनीपत के गोहाना के ज्वैलर्स से 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में सोनीपत पुलिस की 6 टीमें बदमाशों का पीछा करते हुए नरवाना पहुंची। जहां सोनीपत की सीआइए, क्राइम ब्रांच की टीमों का रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें बदमाशों द्वारा अपने आप को घिरा पाकर पुलिस पार्टी पर अवैध पिस्तौल से फायर किया। जिसके जवाब में सोनीपत की पुलिस ने भी 5-7 फायरिंग की। बदमाशों ने अपने आपको बचाने के लिए कार तेज दौड़ा दी। पुलिस ने भी उनका पीछा करते हुए फायरिंग की, तो एक गोली कार में लगकर अगली सीट तक जा लगी। वहीं पुलिस द्वारा उनकी कार को टक्कर मारकर रोकने का भी प्रयास किया। लेकिन दोनों बदमाश कार को बिजली निगम कार्यालय वाली सर्विस लाइन में घुमा दी। जिसके बाद दोनों बदमाश कार से तेजी से उतरकर बिजली निगम की दीवार फांदकर फरार हो गए। पुलिस व बदमाशों के बीच फायरिंग होने पर डीएसपी अमित भाटिया, सीआइए व शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने रात 1.30 बजे से सुबह तक सर्च अभियान चलाया। लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका।

### जींद पुलिस को सोनीपत पुलिस ने नहीं दी सूचना

सोनीपत पुलिस बदमाशों का पीछा करते हुए जींद जिला की सीमा में आ गई थी। लेकिन वहां की सीआइए, क्राइम ब्रांच पुलिस बदमाशों को अपने स्तर पर ही पकड़ना चाहती थी। जब बदमाश नरवाना में विश्वकर्मा चौक पर थे, तब भी नरवाना सीआइए व शहर थाना पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। जिसके बाद बदमाश फायरिंग करते हुए बिजली निगम की दीवार फांदकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। अगर सोनीपत पुलिस नरवाना पुलिस को सूचना दे देती, तो दोनों बदमाश आसानी से पकड़ में आ सकते थे। वहीं जब बदमाश भाग गए, तो फिर नरवाना पुलिस को सूचना दी गई।

### गोहाना के ज्वैलर्स से मांगी थी 2 करोड़ की रंगदारी

**पुलिस** ने बताया कि गोहाना के ज्वैलर्स सुनील से दोनों बदमाशों ने 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। जिसके बाद बदमाश 2 करोड़ से 10 लाख रुपए पर आ गए थे। उनके द्वारा 29 नवंबर को व्हाटसअप के माध्यम से फोन कर सुनील को पहले जुलाना बुलाया था। लेकिन बाद में बदमाशों ने प्लान बदलकर नरवाना आने की बात कही थी। ज्वैलर्स सुनील ने यह बात पुलिस को बताई, तो सोनीपत पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए उनका पीछा करते-करते नरवाना तक आ पहुंची थी। जब बदमाशों को यह भनक लगी कि पुलिस उनकी पीछे लगी हुई है, तो दोनों बदमाशों ने विश्वकर्मा चौक पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग की।

# खरगे ने भाजपा को मोहन भागवत का हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ़ना बंद करने वाला बयान याद दिलाया



**नई दिल्ली।** 01 दिसंबर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ़ना बंद करने वाला बयान भाजपा को याद दिलाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा नैतिकता की सिर्फ बातें करती है, लेकिन अनैतिक काम करती है। लोगों की एकता को तोड़ने में नरेंद्र मोदी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। धर्म और जाति के नाम पर लोगों के बीच झगड़ा कराया जा रहा है। दिल्ली के रामलीला मैदान में संविधान की रक्षा के लिए आयोजित महारैली में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज देश में हर जगह सर्वे वाले ये पता लगा रहे हैं कि कहां-कहां मस्जिद की जगह पहले मंदिर थे। लेकिन 2022 में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि 'हमारा लक्ष्य राम मंदिर बनाने का था, हर मस्जिद के नीचे शिवालय ढूंढना गलत है।' जब आरएसएस प्रमुख ने ही यह बात कही है तो फिर सर्वे के नाम पर खोद-खोदकर झगड़ा क्यों कराया जा रहा है। हम सभी तो एक हैं। नरेंद्र मोदी कहते हैं कि 'एक हैं तो सेफ हैं", लेकिन वह सेफ रहने ही नहीं दे रहे। सच्चाई ये है कि काटने और बांटने वाले भाजपा के लोग हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई भाजपा द्वारा फैलाई गई नफरत के खिलाफ है, जिसके लिए राजनीतिक शक्ति बेहद जरूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की बात की तो नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को तोड़ने की बात कर रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि कांग्रेस देश को तोड़ने की नहीं, जोड़ने की बात कर रही है। उन्होंने कहा, जातिगत जनगणना से पता चलेगा कि किसकी कितनी भागीदारी और हिस्सेदारी है, ताकि वंचित वर्गों के कल्याण के लिए बेहतर काम किया जा सके।

# वायनाड धन्यवादी दौरे का दूसरा दिन: सांसद प्रियंका गांधी ने अपनी मुख्य प्राथमिकताओं को गिनाया

## प्रियंका गांधी ने अपनी प्रचंड जीत के लिए मनंतवाड़ी, सुल्तान बत्तेरी व कलपेट्टा में जनता को धन्यवाद दिया



**नई दिल्ली।** 01 दिसंबर वायनाड में अपने धन्यवाद दौरे के दूसरे दिन सांसद प्रियंका गांधी ने क्षेत्र के लिए अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं को गिनाया। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने, पर्यटन को बढ़ावा देने और किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने में मदद करने जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बताया। वायनाड सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपनी प्रचंड जीत के लिए रविवार को मनंतवाड़ी, सुल्तान बत्तेरी तथा कलपेट्टा में जनता को धन्यवाद दिया। पने संबोधन में प्रियंका गांधी ने कहा कि आदिवासी लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं की आवश्यकता है, किसान सरकार की गलत नीतियों के कारण पीड़ित हैं और उन्हें अपनी फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने मानव-पशु संघर्ष का भी जिक्र किया, जिसके कारण उनकी फसलें खतरे में पड़ जाती हैं और अक्सर जानवर उन्हें खा जाते हैं या नष्ट कर देते हैं। वायनाड सांसद ने बताया कि जिन होमस्टे मालिकों ने खूबसूरत होमस्टे बनाए हैं, उन्हें भी भूस्खलन के बाद बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर हम यहां पर्यटन को मजबूत करते हैं और दुनिया को यहां की खूबसूरती को प्रदर्शित करते हैं, तो वायनाड के लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी।

# दिल्लीवासियों का न्याय यात्रा में बढ़ता समर्थन, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्त्ताओं की सक्रिय भागीदारी

### दिल्ली न्याय यात्रा : 23वें दिन हरी नगर से चाणक्य प्लेस तक रैली का समापन

नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के 23वें दिन की शुरूआत हरी नगर घंटाघर, शास्त्री मार्केट से परंपरागत वंदे मातरम गायन और ध्वजारोहण के साथ की। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के साथ दिल्लीवासियों का समर्थन लगातार बढ़ रहा है। यादव ने जनता से 2025 में कांग्रेस को पुनः चुनने की अपील की, जिसने 15 वर्षो तक दिल्ली की सेवा करते हुए सीएनजी, मेट्रो और फ्लाईओवर जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए, साथ ही पेंशन और राशन योजनाओं से जरूरतमंदों की मदद की। 23वें दिन की यात्रा हरी नगर से शुरू होकर गांधी पार्क, सुभाष नगर, तिहाड़ गांव, जनकपुरी और अन्य प्रमुख स्थानों से गुजरती हुई चाणक्य प्लेस-2, सीतापुरी में संपन्न हुई। इस दौरान देवेंद्र यादव ने सुभाष नगर गुरुद्वारा में जाकर माथा टेका और न्याय यात्रा में शामिल कार्यकर्त्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, एडवोकेट सुनील कुमार और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। दिल्ली महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा सिंह और पूर्व पार्षद प्रेरणा सिंह भी इस कार्यक्रम का हिस्सा रहीं। यात्रा के दौरान यादव ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उनके 175 करोड़ रुपये के ्शीश महल्ह का उल्लेख किया। उन्होंने इसे जनता के साथ धोखा बताया और कहा कि केजरीवाल ने अपनी मूल प्रतिज्ञाओं से हटकर केवल अपने ऐशो-आराम पर ध्यान दिया है। दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान एक झांकी का अनावरण भी किया गया, जो ्शीश महल्ह और गंदे पानी की बोतल से संबंधित सच्चाई उजागर करती थी। देवेंद्र यादव ने कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर दिल्ली के विकास और केजरीवाल सरकार की सच्चाई को उजागर करें।

# वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का अंतिम खंड जल्द होगा पूरा : सतीश कुमार

नई दिल्ली, नवंबर : रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ( डीएफसीसीआईएल) के 102 किलोमीटर लंबे वैतरणा-जेएनपीटी खंड की प्रगति की व्यापक समीक्षा की। यह खंड 1,506 किलोमीटर लंबे पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का अंतिम हिस्सा है, जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट को जोड़ेगा। बैठक रेलवे बोर्ड कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें रेलवे बोर्ड, डीएफसीसीआईएल, टाटा प्रोजेक्ट्स और मित्सुई एंड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान परियोजना की मौजूदा स्थिति का गहन विश्लेषण किया गया और निर्माण में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई। सतीश कुमार ने खंड के निर्माण में हुई देरी पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित सभी एजेंसियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए और इसे समय से पहले पूरा किया जाए। उन्होंने परियोजना की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। सतीश कुमार ने कहा कि यह परियोजना न केवल माल परिवहन में सुधार लाएगी, बल्कि वैश्विक मानकों के अनुरूप देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत करेगी। सभी सहभागियों को निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए।

# गोल्ड ट्रेडिंग के नाम पर व्यक्ति से ठगे 1 करोड़ 85 लाख रुपए, केस दर्ज




यमुनानगर, नवंबर : साइबर ठगों ने गोल्ड ट्रेडिंग के नाम पर यमुनानगर निवासी रविकांत से एक करोड़ 85 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यमुनानगर निवासी रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह करीब आठ साल से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग व इंवेस्टमेंट का काम कर रहा है। करीब चार माह पहले उसके पास एक कंपनी लौरा मिश्र डोट गोल्ड ने उसे अपने व्हाट्सएप ग्रुप में एड किया, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग की बात कही गई। शुरूआत में ऑनलाइन ट्रेडिंग में कुछ लाभ हुआ। इसके बाद कुछ दिन बाद कंपनी ने गोल्ड की ट्रेडिंग करने की बात कही, जिसके झांसे में आकर करीब 55 लाख रुपये निवेश कर दिए। कंपनी ने उनका लाभ करीब तीन करोड़ 81 लाख रुपये दिखाया। इसके बाद लाभ निकालने के लिए 50 लाख रुपये देने की बात कही। जिस पर कारोबारी ने 50 लाख रुपये कंपनी के खाते में डाल दिए। इसी तरह से साइबर ठगों ने उससे करीब एक करोड़ 85 लाख रुपये की धनराशि ले ली और पैसे की मांग की।

जब पैसे नहीं दिए तो लाभ देने से इंकार दिया। जब उसने इसकी जांच कराई तो पता चला कि उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। उसने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जमीन बेचने के नाम पर 46 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

यमुनानगर, नवंबर : गांव तेलीपुरा निवासी अंगूरी देवी के साथ जमीन बेचने के नाम पर 46 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। आरोप एक व्यक्ति पर लगा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। एसपी ने उनकी शिकायत पर संबंधित थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।अंगूरी देवी ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि उनकी खेती बाड़ी की जमीन वर्ष 2006 में बिकी थी। एक डीलर ने यह जमीन बिकवाई। उस डीलर ने ही उन्हें दूसरी जगह जमीन दिलवाने का झांसा दिया। गांव मुकारोपुर में उन्हें ढाई एकड़ जमीन दिलवाने का झांसा दिया। उसकी बातों में आकर वह तैयार हो गए। आरोपी ने उन्हें जमीन के कागजात दिखाए। इसका सौदा 46 लाख रुपये में तय हो गया। आरोपी को बयाने की रकम 15 लाख रुपये नकद दिए,जिसके बाद अलग-अलग कर उसे 46 लाख रुपये दे दिए। बाद में पता लगा कि आरोपी ने किसी अन्य की जमीन दिखाकर उनके साथ ठगी की है। उससे रुपये वापिस मांगे तो वह टाल मटोल करता रहा। बाद में धमकी देने लगा। रुपये ठगे जाने से सदमे में पति की भी मौत हो गई।

**पहले भी चल रहे हैं केस :** पीड़िता अंगूरी देवी व उसके साथ अन्य गांव वालों ने बताया कि उस व्यक्ति ने पहले भी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। उसके विरुद्ध पुलिस में भी मामला दर्ज हैं। आरोपित कोर्ट से कई मामलों में भगोड़ा भी घोषित हो चुका है।इस संबंध में सीएम विंडो पर भी शिकायत दी थी जिसे बंद करने के लिए पुलिस भी उन पर दबाव बना रही है।

# कई देशों ने ईवीएम का इस्तेमाल बंद कर दिया है : मेधा पाटकर




**महाराष्ट्र।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद कुछ विपक्षी दलों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता को लेकर फिर से शुरू की गई बहस के बीच मानवाधिकार कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने शनिवार को कहा कि कई देशों ने इसका इस्तेमाल बंद कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में सुझाव दिया था कि चुनाव प्रणाली में मतपत्र का इस्तेमाल फिर से शुरू किया जाना चाहिए। पाटकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं ईवीएम की विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन यह सच है कि कई देशों ने इनका इस्तेमाल बंद कर दिया है। प्रयोगों से पता चला है कि कुछ प्रणालियों को महज बिजली कनेक्शन से बदला जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि निर्वाचन आयोग का किसी राजनीतिक दल से जुड़ाव है तो चुनाव आचार संहिता निष्पक्ष रूप से लागू नहीं हो सकती।

# दिल्ली में गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास व्यक्ति मृत पाया गया



**उत्तरी दिल्ली।** में एक फ्लाईओवर के पास रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के बताया कि सुबह छह बजकर 35 मिनट पर पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति का शव होने की सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि शव के चेहरे, सिर और गर्दन पर किसी नुकीली चीज से चोट के कई निशान हैं। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य के लिए इलाके की जांच की। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान करने और उसकी मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और हत्या का एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हिंदू कॉलेज हॉस्टल एलुमनी मीट: यादों और भावनाओं से भरी एक भव्य पुनर्मिलन संध्या



**नई दिल्ली।** 30 नवंबर को ऐतिहासिक हिंदू कॉलेज हॉस्टल में एक विशेष एलुमनी मीट का आयोजन किया गया, जिसने पूर्व निवासियों को एक बार फिर से पुरानी यादों और भावनाओं के साथ जोड़ दिया। इस बंद-दरवाजे वाले कार्यक्रम में बॉलीवुड सितारे, नामी निर्देशक, शीर्ष नौकरशाह और देश के प्रमुख राजनेता शामिल हुए, जो कभी इसी हॉस्टल में एक साथ रहे थे। अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मणिपुर, असम, बिहार, झारखंड, दिल्ली, गुजरात, स्विट्जरलैंड और अमेरिका से आए एलुमनी ने हॉस्टल के प्रिय प्रांगण में कदम रखा और दशकों पुरानी दोस्ती और यादों को फिर से जीवित किया। इस आयोजन का सबसे भावनात्मक क्षण विशेष मोमेंटो का वितरण था, जो पुराने हॉस्टल के फर्नीचर के लकड़ी से बनाए गए थे। पूर्व छात्र राहुल राजोरा द्वारा डिजाइन किए गए इन स्मृति चिन्हों ने एलुमनी और उनके कॉलेज के बीच अटूट बंधन का प्रतीक प्रस्तुत किया। सभी उपस्थित लोगों को एक विशेष स्वेटशर्ट भी दी गई, जिसे पहनकर सभी ने अपने हॉस्टल के दिनों को फिर से जीवंत किया। कार्यक्रम का एक और आकर्षण दो पूर्व मेस कर्मचारियों का सम्मान था, जिन्हें विशेष स्वेटशर्ट और मोमेंटो प्रदान किए गए। उनकी खुशी उस समय चरम पर थी जब वे पूर्व छात्रों के साथ नृत्य करते हुए पुराने दिनों की यादें ताजा कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में से एक और बॉलीवुड निर्देशक नलिन सिंह ने इस अवसर पर कहा, यहाँ केवल एक ही प्रोटोकॉल है। यदि आप हॉस्टल में जूनियर थे, तो अपने सीनियर्स को सर कहकर संबोधित करें। और यदि आप सीनियर थे, तो बस अपने जूनियर्स को प्यार दें। बाहरी दुनिया के प्रोटोकॉल यहाँ लागू नहीं होते। यह बयान इस अनूठे बंधन को दशार्ता है जो सामाजिक भूमिकाओं और पदों से परे है। यह आयोजन भावनात्मक पुनर्मिलन, बिहारी, पंजाबी और असमिया लोकगीतों, और दिल को छू लेने वाली बातचीत से भरा हुआ था। नलिन सिंह ने कहा, मैं इस भावनात्मक क्षण पर आंसू नहीं रोक सका, जब मैं उन लोगों से फिर से मिला, जिनके साथ हम 20-30 साल पहले रहते थे। यह पुनर्मिलन अनमोल यादों की बाढ़ लेकर आया। हिंदू कॉलेज हॉस्टल एलुमनी मीट केवल एक पुनर्मिलन नहीं था, बल्कि एक ऐसा उत्सव था जो यह दशार्ता है कि यह बंधन कभी नहीं टूटता – यह एक ऐसी रात थी जब समय ठहर सा गया और अतीत की यादें फिर से जीवंत हो गईं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने नगालैंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नगालैंड के लोगों को उनके राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी और आने वाले समय में राज्य की निरंतर प्रगति की कामना की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नगालैंड के लोगों को उनके राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई। नगालैंड की समृद्ध संस्कृति और इसके लोगों के बेहतरीन स्वभाव के कारण राज्य की व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। उन्होंने कहा, नगा संस्कृति कर्तव्य और करुणा की अपने भावना के लिए जानी जाती है। आने वाले समय में नगालैंड की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना करता हूं। नगालैंड का गठन 1963 में आज ही के दिन हुआ था।

# गोकशी की घटनाओं पर बजरंग दल ने किया रोड जाम, दोनों और लगा लंबा जाम

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को क्षेत्र में गोकशी की घटना की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया, बताते चले की क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है, सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकताओं ने रोड जामकर डीएम एसपी को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए जाम लगा दिया, रविवार को नगर के सोहरका रोड स्थित आम के बाग में गोकशी घटनाओं सामने आई, सूचना पर बजरंग दल कार्यकताओं ने एकत्रित होकर गोवंश पशुओं के अवशेष गड्ढा खोदकर निकलवा लिए। वहीं दूसरी तरफ नगर के रामपुर भूड़ रोड पर आम के बाग में गोवंश पशुओं के अवशेष मिलने से बजरंग दल कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। और उन्होंने नगर की गजरौला रोड ब्लॉक तिराहे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह एवं सीओ दीप कुमार पंत ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर बजरंग दल कार्यकताओं से जाम खोलने की अपील की। बजरंग दल कार्यकताओं ने पुलिस पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए गोकशी की घटनाओं पर अंकुश ना लगपाने पर एसपी एवं डीएम को मौके पर बुलाने की मांग की, वहीं रोड के दोनों तरफ करीब दो-दो किलोमीटर वाहनों का लंबा जाम लग गया उधर मरीज आदि से भरी एंबुलेंस को लगातार निकलने के लिए रास्ता दिया जा रहा, करीब 2 घंटे बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा गोकशी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का एवं 8 दिन के अंदर घटना को खोलने का आश्वासन बजरंग दल कार्यकताओं को दिया जिस के बाद बजरंग दल कार्यकर्ता कार्यकताओं द्वारा जाम खोल दिया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से हेमंत सारस्वत, मोहित अग्रवाल, राहुल हिंदुस्तानी, विपिन कुमार, विक्रांत शर्मा, कुशल चौधरी, वीरेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, मनोज सारस्वत, विजय पारछा, महेंद्र चौहान, कविता सैनी आदि सहित भारी संख्या में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद आदि हिंदू संगठनों के लोग मौजूद रहे।





# कांग्रेसियों ने डी यू के केंद्रीय पार्षद आलोक कटारिया का किया जोरदार स्वागत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/उझारी।** रविवार को छात्र संघ के चुनाव में विजय प्राप्त करने वाले आलोक कटारिया का कांग्रेसियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कॉलेज के छात्र संघ चुनाव में केंद्रीय पार्षद के रूप में विजय प्राप्त करने वाले आलोक कटारिया दिल्ली से अपने पैतृक गांव लौट रहे थे, कि उझारी एक हॉस्पिटल पर कांग्रेस सोशल मीडिया के जिला महासचिव शाकिर मसऊदी के नेतृत्व में कांग्रेस जन इकट्ठा हो गए और उन्होंने आलोक कटारिया का फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर आलोक कटारिया ने कहा कि मेरी जीत हर उस स्टूडेंट की जीत है जो समाज में सद्भावना का संदेश देना चाहता है। अब युवाओं को राजनीति में आगे आकर देश में मोहब्बत का पैगाम देना होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सचिव हाजी बब्बन, नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन सैफी, कांग्रेस सोशल मीडिया के जिला महासचिव शाकिर मसऊदी, नफीस अहमद, विवेक कुमार, तस्लीम अहमद, दीपेंद्र कुमार, शान मोहम्मद सैफी, मौ० नदीम, मौ० इमरान, मौ० शारिक, अयान पठान, रागिब चौधरी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मी व समाजसेवी, पत्रकार किए गए सम्मानित।

**लखनऊ।** बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन ने रिजर्व पुलिस लाइन के संगोष्ठी सदन में "स्वर्ण कर्मयोगी सम्मान" समारोह 2024 का आयोजन किया जहां पर 70 पुलिस कर्मियों सहित 150 समाज सेवियों एवं पत्रकारों को किया गया सम्मानित। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीसीपी उत्तरी आर.एन सिंह, ए.डी.सी.पी मध्य मनीषा सिंह, बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ला, लखनऊ पूर्वी विधायक ओ.पी श्रीवास्तव, भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, निलांश ग्रुप के सीएमडी संतोष श्रीवास्तव, तथा पत्रकार संघ के महामंत्री अब्दुल वहीद, ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी मुख्य अतिथियों ने पुलिसकर्मियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद किया और सभी को यह संदेश दिया कि हमारी चैन की नींद के पीछे पुलिस कर्मियों का ही बेहतरीन योगदान है। सभी मुख्य अतिथियों को डॉ0 रूबी राज सिन्हा एवं ई0 प्रशांत प्रवीण सिन्हा द्वारा अंगवस्त्र, मोमेंटो, ट्रॉफी और चांदी के लक्ष्मी गणेश देकर सम्मानित किया गया।




# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण

**लखनऊ/ लोकतंत्र की शान /ब्यूरो चीफ (देवेंद्र शर्मा)**

**लखनऊ।** जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद और किला मोहम्मदी का भ्रमण कर वहां पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से वहां दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना और वहां आए लाभार्थियों से बात की । उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के हर तबके को इलाज के लिए कहीं दूर न जाना पड़े बल्कि घर के पास ही उसे सारी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल जाएं । मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मातृ, बाल, नवजात, किशोर तथा प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं दी जाती है । इसके साथ ही संचारी एवं गैर संचारी रोगों का इलाज और संदर्भन होता है । आरोग्य स्वास्थ्य मेले में गर्भवती और बच्चों का टीकाकरण भी किया जाता है। इस मौके पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग( आईसीडीएस ) ने भी स्टाल लगाया जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का कुल 5555 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 2234 पुरुष, 2493 महिलायें और 828 बच्चे शामिल हैं ।



# बच्चों कों स्कूली वाहन में संख्या से ज्यादा बैठाकर आवागमन कर रहें अनफिट वाहन और ई रिक्शा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को युवाओं की एक बैठक का आयोजन आकाश चौधरी के नेतृत्व में अतरासी रोड़ स्थित आवास पर किया गया। आकाश चौधरी ने कहा कि जिले में अनेकों अनफिट वाहनों और ई रिक्शा में संख्या से ज्यादा बैठाकर स्कूली बच्चों को लाने ले जाने कार्य हो रहा है यह बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ है सड़कों पर आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सड़कों पर स्कूली बच्चों को लेकर अनेकों अनफिट वाहन दौड़ रहे हैं ई-रिक्शा में भी स्कूली बच्चों कों संख्या से ज्यादा बैठाकर स्कूल लाने ले जाने का कार्य हो रहा है यह बेहद खतरनाक और गंभीर है। बता दें कि निजी स्कूलों में ले आने व ले जाने के नाम पर बस,वैन,कार,और ई रिक्शा का इस्तेमाल हो रहा है। जिलेभर में सैकड़ों की संख्या में प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में बच्चों को ले जाने के लिए कई बसें, वैन व अन्य चार पहिया वाहन चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश वाहन अनफिट है। ऐसे में स्कूली बच्चे कहीं से भी सुरक्षित नहीं है अगर आपके बच्चे का लाने ले जाने का कार्य स्कूल बस या फिर अन्य चार पहिया वाहनों से हो रहा है तो यह भी जानना जरूरी है कि वाहन फिट है या अनफिट। बच्चों को लाने-ले जाने वाले ऐसे सभी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण, फर्स्ट एड बाक्स और चालक डाइविंग लाइसैंस,वाहन पर स्कूल नंबर, पुलिस हेल्पलाइन नंबर,अग्निशमन यंत्र के साथ अन्य वाहन संबंधित चीजें सही होने चाहिए। ऐसे में देखा गया है कि अनेको कार वैन और अन्य वाहनों में अवैध रूप से गैस किट लगाकर वाहन चल रहे है और चालक भी बहुत तेज रफ्तार से स्कूली वाहनों को चलाने का कार्य करते हैं जो बेहद खतरनाक है जिससे सड़कों पर बच्चों के साथ दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। अनफिट वाहन और ई रिक्शा संख्या से ज्यादा बैठाकर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह ठीक सही नहीं है। समस्त अभिभावकों से अपील करते हैं कि अपने बच्चों कों संख्या से ज्यादा बैठाकर अनफिट वाहनों और ई रिक्शा में स्कूल ना भेजे जाए। नियमानुसार संख्या में जितने बच्चे वाहन में बैठ सके उसी फिटनेस युक्त वाहन में अपने बच्चों को स्कूल भेजें। पूर्णतः फिटनेस वाहन ही स्कूल कार्य में लगाए जाए। माननीय जिलाधिकारी और प्रशासन से भी मांग है कि जो वाहन बच्चों को संख्या से ज्यादा बैठाकर स्कूल लाने ले जाने का कार्य कर रहे हैं ऐसे अनफिट स्कूली वाहनों और ई रिक्शा को रोका जाए। बच्चों कों नियमानुसार संख्या अनुरूप ही फिटनेस वाहन में बैठाकर स्कूल भेजा जाए। जिससे आगामी दुर्घटना से बचाव हो और बच्चे सुरक्षित रहे। बैठक में मुख्य रूप से मनदीप नौरंगी, रोहित कुमार, कुशल चौधरी, राहुल चौधरी, अंकित चौधरी, अंकुर प्रजापति, रोबिन चौधरी, शगुन चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, रंजीत चौधरी, राहुल चौधरी, अमन कुमार, वैभव चौधरी, आशुतोष चौधरी,सौरभ चौधरी, अंतिम चौधरी, अजीत चौधरी, आशीष चौधरी, सतीश चौधरी, अमन चौधरी, विशेष चौधरी, विशाल चौधरी, प्रदीप चौधरी,आदित्य चौधरी,अनिकेत सिंह, दिग्विजय चौधरी, मौजूद रहे।

## अंतरराज्यीय स्तर पर गांजा तस्करी करने वाले 2 तस्कर को STF ने किया गिरफ्तार!!

**लोकतंत्र की शान /ब्यूरोचीफ (देवेंद्र शर्मा )**




अंतरराज्यीय स्तर पर गांजा तस्करी करने वाले 2 तस्कर को STF ने किया गिरफ्तार! गिरफ्त में आए आरोपियों के पास से STF ने 185 किलो गांजा किया बरामद! जिसकी कीमत लगभग 55 लाख बताई जा रही आरोपियों की जमशेद व जाहुल के रूप में हुई पहचान! मथुरा में UPSTF ने आरोपियों को कराया दाखिल!

## 1,200 जोड़ों के विवाह हेतु आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ!

**लोकतंत्र की शान /देवेंद्र शर्मा**



**गोरखपुर।** में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1,200 जोड़ों के विवाह हेतु आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ! यह आयोजन सामाजिक समता का प्रतीक है,जहां न जाति का बंधन,न क्षेत्र का बंधन और न ही मत-मजहब का बंधन है! सभी नव दंपतियों को हार्दिक बधाई एवं सुखी दांपत्य जीवन हेतु अनंत शुभकामनाएं दी सीएम योगी आदित्यनाथ जी ने!!

# नहीं होने देंगे किसी के भी साथ अन्याय : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, 1 दिसंबर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सबकी समस्या सुनकर सीएम ने कहा कि वह किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हर पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाएगा, सबको न्याय मिलेगा। इसे लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी की समस्या का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जमीनी विवाद की शिकायतों पर सीएम योगी ने कहा कि यदि विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों के बीच वार्ता कराई जाए और बात न बनने पर विधिक कार्यवाही की जाए। यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

**बच्चों से मिले सीएम योगी, हंसी ठिठोली की, खूब पढ़ने को भी किया प्रेरित**

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। नाम पूछने के साथ हंसी ठिठोली की। उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को सीएम ने चॉकलेट गिफ्ट कर विदा किया।

## दहेज प्रथा पर प्रहार व सामाजिक समता का प्रतीक है सामूहिक विवाह कार्यक्रम : मुख्यमंत्री




**गोरखपुर, 1 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अश्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है। सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज न ले-दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है। यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या 4 लाख से अधिक हो चुकी होगी। सीएम योगी ने कहा कि गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण अनव्याही न रहे। इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है।

**अच्छी सरकार में होते हैं अच्छे कार्य**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो अच्छे कार्य होते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला खड़ी कर दी। महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजना चलाई, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए। मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए, मुफ्त राशन और जिनके पास आवास नहीं तेज उन्हें आवास दिए। बीमारी के उपचार के लिए पांच लाख रुपये तक के इलाज लिए आयुष्मान कार्ड दिए। जबकि पहले घरों में शौचालय न होने से नारी गरिमा पर आंच आती थी। लकड़ी और कोयले के धुएं से निकलने वाली खतरनाक गैस से महिलाओं की आंख और फेफड़े खराब होते थे। आज हर घर सिलेंडर होने से यह दिक्कत दूर हो ही गई है, साथ ही सरकार दिवाली और होली में मुफ्त सिलेंडर दे रही है। सीएम ने कहा कि सरकार हर तबके को लाभान्वित कर रही है। श्रमिकों के बच्चों की मुफ्त शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं, निराश्रित, दिव्यांगजन आदि 1 करोड़ लोगों को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना के तहत 20 लाख बेटियों के स्वावलंबन के लिए 25 हजार रुपये का पैकेज दिया गया है।

# तपस्वी सीएम योगी ने लहराया सनातन का परचम : अखाड़ा परिषद

**प्रयागराज, 01 दिसम्बर :** तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व में सनातन का ऐसा परचम लहराया है, जो आज तक किसी ने नहीं किया है। 2019 का कुम्भ दिव्य और भव्य था और सीएम योगी की अगुवाई में महाकुम्भ 2025 उससे भी ज्यादा दिव्य और भव्य होगा। ये बातें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिंदुत्व का मान बढ़ाने वाला बताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को अलौकिक रूप देने में लगे हैं, जिसमें देश दुनिया के साधु संत भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में देशभर के शीर्ष महात्माओं का प्रयागराज में आगमन शुरू हो चुका है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी भी प्रयागराज पहुंचकर अखाड़ों की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।



**इस बार टूटेंगे सभी रिकॉर्ड**

उन्होंने कहा कि तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन का ऐसा परचम लहराया है कि देश विदेश की नजरें भारत पर आकर टिक गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन की परंपरा को बुलंद किया है। देश के ऐसे शीर्ष नेतृत्व ही दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महा आयोजन को साकार कर सकते हैं। दिव्यता और भव्यता के लिहाज से इस बार का महाकुम्भ सबसे अलौकिक होने जा रहा है, जिसमें पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त होने जा रहे हैं।

# सीएम योगी के निर्देशन में हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा पर्यटन विभाग

**लखनऊ, 01 दिसम्बर:** अपने समृद्ध अतीत की कहानी बयां कर रहे उत्तर प्रदेश के किले, कोठी और पैलेस विकास की नई गाथा लिखेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इसकी नींव रखने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में सात दिसंबर को लखनऊ स्थित होटल ताज में हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इसमें 60 से अधिक राजा-महाराजा के साथ संवाद के लिए देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल स्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट आएंगे। सहमति बनी तो उत्तर प्रदेश विरासत पर्यटन में भी देश-दुनिया को आकर्षित करने वाला प्रमुख गंतव्य स्थल बनेगा।

**पर्यटन में सर्वाधिक विकास करने वाला राज्य बन उत्तर प्रदेश**

योगी सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाल के वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य बनकर उभरा है। बीते वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थल सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उत्तर प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। यहां बड़ी संख्या में किले, पैलेस और कोठिया हैं, जिन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। विरासत पर्यटन में अग्रिम पंक्ति में खड़े राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों की तर्ज पर पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में भी तैयारी कर रहा है।

**कॉन्क्लेव में होंगे कई एमओयू**

प्रदेश में स्थित किले, पैलेस और कोठियों को उनके वास्तविक स्वरूप, वास्तुकला और जो उनकी अन्य विशेषताएं हैं, उन्हें बरकरार रखते हुए यहां हेरिटेज होटल, वेडिंग डेस्टिनेशन, वेलनेस सेंटर, रिजार्ट, कल्चरल सेंटर आदि बनाने की योजना है। इसके तहत पर्यटन विभाग अपनी छह प्रापर्टीज चुनार का किला मीरजापुर, बरुआसागर का किला झांसी, छतर मंजिल लखनऊ, बरसाना महल मथुरा, शुक्ल तालाब कानपुर देहात और रोशन-उद-दौला लखनऊ को हाल ही में पीपीपी पर दिया है। कॉन्क्लेव में इनका एमओयू भी होगा। विभाग की ऐसी अन्य प्रापर्टी को पीपीपी पर विकसित करने की तैयारी है।

**250 से अधिक लोगों को किया गया आमंत्रित**

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य में अनेक संपत्तियां जो राजा-महाराजा के पास है, इनका विकास कर उपयोगी बनाने की मंशा है। विभाग द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में 60 से अधिक राजा-महाराजा और देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल एस्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट को आमंत्रित किया गया। इनके बीच सीधा संवाद होने से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

# वीटीआर पहुँचे केन्या से विदेशी पर्यटक ने वीटीआर की सुंदरता की खूब सराहा।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बिहार का काश्मीर कहे जाने वाले वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल 2 के वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र में इस पर्यटन सत्र में विदेशी पर्यटकों का अकेले और समुह में आने का सिलसिला लगातार जारी है। 06 सदस्यीय टीम के साथ यूनिसेफ की मुख्य वित्त महिला अधिकारी मारग्रेट एनियांगो आउच एक दिवसीय भ्रमण पर अफ्रीका महादेश के केन्या से शनिवार को वीटीआर के जंगल कैंप पहुंचे। यूनिसेफ के यूनाइटेड नेशनल चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सदस्यों की टीम जो बिहार में यूनिसेफ द्वारा किए जाने वाले बिकास कार्य की मौनिटरिंग और विजिट के क्रम में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व की सुंदरता को खूब नजदीक से देखा और सराहा।विदेशी पर्यटकों ने जंगल सफारी के दौरान वीटीआर का भ्रमण किया। इस दौरान वे लोग वीटीआर की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखकर काफी प्रसन्न हुए।वीटीआर में भ्रमण के दौरान विदेशी पर्यटकों को कई शाकाहारी और मांसाहारी वन्यजीवों के साथ मोर के कोलाहल के साथ खरगोश, भालू आदि को नजदीक से निहारने का मौका मिला ।भ्रमण पर पहुंचे विदेशी पर्यटकों को यहां का जंगल और जंगल सफारी काफी पसंद आया।विदेशी पर्यटक मारग्रेट ने बताया कि वह मूल रूप से अफ्रीका महादेश के केन्या की निवासी हैं। वीटीआर का सुंदरता और जंगल को घूमने के उद्देश्य से अपने टीम के साथ मैं वाल्मीकिनगर आयी हूं। बताते चलें,कि इस टीम को वाल्मीकि टाइगर रिजर्व वनक्षेत्र की सुंदरता काफी पसंद आयी। उन्होंने बताया कि वीटीआर की खूबसूरती की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। टाइगर रिजर्व के नजदीक से बहने वाली नारायणी गंडक नदी की कलकल कर बहने वाली धारा,जहां इसकी सुंदरता बढ़ाती है।वहीं गंडक बराज पर घुमना,नेपाल की विदेशी धरती पर सर उठाए खड़ा पहाड़ को देखना बहुत ही रोमांचक दृश्य है। इस बाबत वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रेंजर शिव कुमार राम ने बताया कि विदेशी टूरिस्ट यहां वन्यजीवों के दीदार करके काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्राकृतिक दृश्यों और वन्यजीवों को नजदीक से देखने का मौका पर्यटकों को आकर्षित करता है।जिससे वीटीआर को ब्रांडिग मिलेगी। विदेशी पर्यटकों के भ्रमण करने के बाद वीटीआर प्रशासन और ज्यादा विदेशी पर्यटकों के आने की उम्मीद बताए है। वर्तमान सीजन में कई विदेशी पर्यटक आएं हैं।आने वाले दिनों में वीटीआर की जैव विविधता , प्राकृतिक सौंदर्य भारतीय और विदेशी पर्यटकों को हमेशा अपनी तरफ आकर्षित करता रहा है। साल दर साल यहां पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

# बगहा दो के 11 पंचायत में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ,आज ब्लॉक मुख्यालय में होगा मतगणना।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** प्रखंड बगहा दो के 11 पंचायत में रविवार को पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया।पैक्स चुनाव को लेकर ग्रामीण लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। जहां लोग अहले सुबह 7 से शाम 4:30 तक मतगणना के लिए लाइनों में खड़े दिखे।सभी मतदान केंद्रों पर लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया और अपने-अपने पैक्स अध्यक्ष और सदस्य के लिए मतदान किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी बिड्डू कुमार राम ने बताया कि प्रखंड बगहा दो में 11 पंचायत मे पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से कराई गई।सभी मतदान केन्द्रों पर पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। बीडीओ बिड्डू कुमार राम ने भी कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिया।सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस पदाधिकारी और मतदान कर्मियों की मौजूदगी में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।बीडीओ ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर हुए मतदान की गणना 2 दिसंबर को प्रखंड मुख्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 7 से किया जाएगा और 11 पंचायत के पैक्स अध्यक्ष और सदस्य पद के अभ्यर्थियों की घोषणा की जाएगी।

# सभापति को ज्ञापन सौंप कर यमुना नदी को ऐतिहासिक घाटों तक लाने की मांग उठाई



■ कालपी-उरई

कालपी में यमुना नदी की जलधारा को प्राचीन घाटों तक लाने को लेकर समाजसेवियों के प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुं मानवेन्द्र सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर समस्या के निदान करने की मांग की उठाई है।

लखनऊ के विधान भवन स्थित कार्यालय में समाजसेवी अशोक बाजपेई ने विधान परिषद के सभापति कुं मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि बुन्देलखण्ड का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले महर्षि वेद व्यास की जन्म स्थली धार्मिक और ऐताहिक नगर कस्बा कालपी जो जनपद जालौन में आता है ! उक्त नगर में बहुत ही सुन्दर प्राचीन ऐतिहासिक बिहारी घाट, किला घाट आदि पक्के घाट है। एतिहासिक किलाघाट के नाम से भी जाना जाता है जहां तमाम हिन्दू स्नान पर्वो पर सम्पूर्ण कालपी क्षेत्र के अलावा नजदीकी जनपदों से हजारों श्रद्धालु यमुना मे स्नान करने आते हैं! होली और दीपावली में यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि दुर्भाग्य है कि यमुना की जलधारा घाट को छोड़ कर दूर बह रही है। जिससे घाट वीरान तथा सूने हो गये हैं। जिसका आस्थावानों को महान कष्ट है साथ ही कालपी नगर की पौराणिक पहचान भी मिटती जा रही है ! यमुना का घाटों को छोड़ने के कई कारण हो सकते हैं पर प्रथम दृष्टया यमुना के उस पार घाट के सामने हो रही रेत का खनन मुख्य वजह है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म के आस्थावानों श्रद्धालुओं की भावनाओं को बनाये रखने हेतु यमुना नदी की जलधारा को घाटों पर लाने की योजना बनवाकर उसका क्रियान्वयन कराई जाये। विधान परिषद के सभापति कुछ मानवेन्द्र सिंह ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि यमुना नदी की जलधारा को प्राचीन घाटों तक लाने के लिए शासन स्तर से प्रयास किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम रवा में चल रहे यज्ञ स्थल का सीओ ने एसएचओ के साथ किया निरीक्षण

**कोंच।** तहसील क्षेत्र के रवा गांव में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव स्थल में पुलिस ने जाकर निरीक्षण किया और ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी चेक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एमएलसी रमा आरपी निरंजन के गृह ग्राम रवा में चार दिन पहले श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन शुरू हुआ है जिसमें सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन और पुलिस लगातार नजर बनाए हुए हैं। सीओ कोंच अर्चना सिंह, सीओ लाइन एवं प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने पुलिस बल के साथ भेंड़ चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले ग्राम रवा में श्रीराम कथा महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ व मेले में पैदल भ्रमण कर वहां लगीं दुकानों का निरीक्षण किया तथा ड्यूटियों को चेक किया। सीओ ने ड्यूटी पर लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने गर्भवती महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाला

**जालौन-उरई।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा गर्भवती महिला को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर घर से निकालने की शिकायत पी?िता ने एसपी से की थी। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बैठगंज निवासी काजल सोनी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसके पिता रामकुमार ने उसकी शादी 11 दिसंबर 2021 में राजस्थान के सीकर निवासी विक्रांत के साथ की थी। शादी के बाद सब ठीक ढाक चल रहा था। कुछ समय बाद ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपयों की मांग शुरू कर दी। पिता ने कई बार ससुरालियों को समझाया कि अभी रुपये नहीं हैं। शादी में उन्होंने बहुत खर्च किया है। इस अतिरिक्त बोझ को वह सह नहीं पाएंगे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अभी वह गर्भवती है। कुछ दिन पूर्व उन्होंने फिर से रुपये मांगे जब वह रुपये नहीं दे सकी तो पति ने उसके पेट में लात मार दी। जिससे उसके जीवन पर संकट उत्पन्न हो गया था। इतना ही नहीं मारपीट करने के बाद उन्होंने सारा स्त्रीधन छीनकर उसे घर से निकाल दिया। किसी तरह वह पिता के पास पहुंची और तबसे पिता के साथ ही रह रही है। पी?िता की शिकायत पर एसपी ने कोतवाली पुलिस को आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति विक्रांत, सास नर्वदा देवी, ननद अनुराधा देवी, देवर विमल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कालपी -उरई।** डेढ़ दशक पुराने आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गांव से गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालपी कोतवाली में दर्ज डेढ़ दशक पुराने आपराधिक मुकदमों में आरोपी वारंटी शिवप्रसाद पुत्र महेश्वरी निवासी ग्राम धमना कालपी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। इस वजह से न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के निर्देश पर वारंटी को पुलिस सब-इंस्पेक्टर उपेन्द्र शुक्ला के द्वारा पकड़ कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करके विधिक कार्रवाई की गई।

### दो युवकों ने मिलकर मां-बेटे के साथ की मारपीट

**जालौन-उरई।** युवकों के बीच हुए विवाद में दो युवकों ने मिलकर मां बेटे के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी चंद्रप्रभा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा घर के बाहर ख?ा था। तभी गांव के दो युवक वहां आए और बेटे के साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। जब बेटे ने गाली देने से मना किया तो उन्होंने बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। बेटे को पिटता देखकर जब वह उसे बचाने के लिए पहुंची तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हरीगंज तथा बड़ा बाजार शक्ति केन्द्रों के भाजपा के जिम्मेदारों को सौंपे बस्ते

**कालपी -उरई।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व के तहत नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कालपी मंडल के नामित निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने कालपी नगर के हरीगंज तथा बड़ा बाजार के शक्ति केन्दो के जिम्मेदारों को पार्टी के बस्ते सौंप कर अपने अपने दायित्वों का निर्वाह करने का आव्हान किया। हरीगंज में पूर्व सभासद अरविंद सिंह राठौर के आवास में आयोजित बैठक में निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने कालपी के शक्ति केंद्र के चुनाव अधिकारी अरविंद राठौर आदि को पार्टी का बस्ता सौंप कर प्रत्येक बूथ पर पहुंच कर बूथ अध्यक्ष व कार्य समिति का विधिवत गठन करने का निर्देश दिया। इसी तरह बड़ा बाजार शक्ति केन्द्र की मीटिंग राघवेन्द्र सिंह जादौन के आवास पर आयोजित की गई। बूथों पर बूथ अध्यक्षों व कार्य समिति का विधिवत गठन की प्रक्रिया की गई।

# महिलाओं को आगे आकर केंद्र की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए : सीतारमण

**मधुबनी (बिहार)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महिलाओं से आगे आने और केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया ताकि वे अधिक सक्षम और सशक्त बन सकें। सीतारमण मधुबनी में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में बोल रही थीं, जहां विभिन्न बैंकों द्वारा 50,294 लाभार्थियों को 1,121 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किए गए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि देश के हर गांव में एक लखपति दीदी होनी चाहिए और इसके लिए बैंकों ने महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। सीतारमण ने कहा, बिहार में प्रत्येक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मैं महिलाओं से आग्रह करती हूं कि वे केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का हिस्सा बनें... ताकि वे अधिक सक्षम और सशक्त बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री का मानना है कि भारत के विकास का नेतृत्व महिलाओं को करना चाहिए। राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है...गरीब, महिलाएं, युवा और किसान सरकार की शीर्ष चार प्राथमिकताएं हैं। प्रधानमंत्री बिहार का उदाहरण देते हैं और कहते हैं कि अन्य राज्यों को भी विकास और वृद्धि के उसी रास्ते पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सीतारमण ने लोगों को मैथिली और संस्कृत में संविधान की प्रतियां भी वितरित कीं।

## भारत की पहली निर्वासित सरकार के संस्थापक राजा महेंद्र प्रताप की जयंती।

# सत्याग्रह रिसर्च फाऊंडेशन व मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से भव्य कार्यक्रम का आयोजन।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**चंपारण।** सत्याग्रह भवन में भारत के प्रथम निर्वाचित सरकार के संस्थापक राजा महेंद्र प्रताप की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एम्बेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डा एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक, डॉ शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया



ने संयुक्त रूप से कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप ने भारत की आजादी के लिए अंग्रेजी फौज को चुनौती दे डाली थी। 1915 में अफगानिस्तान में भारत की पहली आजादी की गाथा राजा महेंद्र प्रताप के बिना पूरी नहीं है। 1915 में अफगानिस्तान में भारत की पहली निर्वासित सरकार बना दी थी। जो काम उन्होंने किया, उन्हीं की प्रेरणा और संबल से महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। देश की आजादी के लिए घर-परिवार की चिंता मायने नहीं रही। यही कारण रहा कि उनकी देश में अलग पहचान है। जिसे पीढ़ियों तक सहेजने और संजोने के लिए समाज एवं सरकार गंभीर है।

# बोरवेल के कुएं में अधेड़ मजदूर का शव बरामद

■ जालौन-उरई



शनिवार की सुबह ग्राम पहाड़पुरा मौजा के खेत में स्थित बोरबैल के कुएं में अधेड़ मजदूर का शव बरामद हुआ। कुएं में शव के मिलने की सूचना पर सीओ व कोतवाल ने कुंए से शव को बाहर निकलवाया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर नमूने जुटाए। घटना के बाद पुलिस मौत के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी हरेंद्र पांचाल उर्फ छुट्टन (43) पुत्र प्रभूदयाल के माता पिता की काफी समय पूर्व मौत हो चुकी है। हरेंद्र की शादी न होने के चलते वह अकेला ही घर में रहता था। मौत के बाद अकेला रहता था। जीवन यापन के लिए वह गांव व खेतों में मेहनत मजदूरी करता था। शुक्रवार को गांव के ही किसान धर्मेंद्र के खेत में पानी लग रहा था। खेत में बने कुएं के बोरवेल से चिड़िया वर्षा हो रही थी। दिन भर पानी लगाने के बाद जब रात में पानी लगने लगा तो खेत मालिक घर आ गया और हरेंद्र वहीं खेत की मेड़ पर लेट गया।

सुबह जब धर्मेंद्र खेत पर पहुंचे तो हरेंद्र खेत में नहीं दिखा। जब उसकी तलाश शुरू हुई तो उसका शव कुंए में उतराता दिखा। जिसकी सूचना अन्य किसानों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाया। जहां उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव का कुंए से बाहर निकलवाया। पुलिस ने जहां शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है वहीं फोरेंसिक टीम ने भी मौके से नमूने जुटाए हैं। इस संदर्भ में सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि कुंए में एक व्यक्ति का शव मिला है। खेत में काम कर रहा व्यक्ति कुंए तक कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है। साथ ही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रास्ता पूछने के दौरान बाइक सवार व उसकी पत्नी से अभद्रता

■ जालौन-उरई

रास्ता पूछने के दौरान बाइक सवार के साथ अभद्रता करने एवं पत्नी के प्रति अपमानजनक टिप्पणी किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मई निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम के चलते बाइक से उरई गए थे। शुक्रवार की शाम वह उरई से पत्नी के साथ वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह शोभन सरकार के पास खड़े हो गए। तभी वहां कुंदन व साजन निवासीगण आजाद नगर, सिकंदरा जनपद कानपुर देहात व उनके दो अन्य साथी नाम पता अज्ञात आ गए और उससे औरैया जाने का रास्ता पूछने लगे। जब वह रास्ता बताने लगे तो वह लोग उन लोगों ने उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दी। जब उन्होंने रोका तो गाली, गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं उनके साथ मौजूद पत्नी के प्रति भी अपमानजनक टिप्पणी की। इसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आरोपियों को कोतवाली ले आई जहां उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

# नर्सिंग कॉलेज के सत्र- 2024 के छात्र-छात्राओं का थर्ड लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## सेकंड फाउंडेशन मनाया गया, नर्सिंग पेशे को बताया मानवता के प्रति सेवा भाव

■ उरई





राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई के ऑडिटोरियम भवन में नर्सिंग कॉलेज के सत्र 2024 के छात्र-छात्राओं को थर्ड लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह एवं सेकंड फाउंडेशन मनाया गया, फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा शपथ लेने के इस समारोह ने नर्सिंग पेशे को एक नई दिशा दी। यह समारोह न केवल एक औपचारिकता नहीं था, बल्कि एक महत्वपूर्ण कदम था जिसमें नर्सों के लिए एक नैतिक कोड स्थापित किया और उन्हें रोगियों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध किया और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के शपथ लेने से नर्सिंग पेशे को सम्मान मिला। इससे पहले नर्सों को अक्सर कम महत्व दिया जाता था, लेकिन इस समारोह ने नर्सिंग को एक सम्मानजनक और आवश्यक पेशे के रूप में स्थापित किया।

इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ0 अरविन्द त्रिवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया, जिसमें मुख्य चकित्षा अधीक्षक जिला अस्पताल (पुरुष और महिला) उरई की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान नर्सिंग के छात्र और छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रोसिली निरालम (प्रिंसिपल, सहारा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ), डॉ. जसमी मनु (प्रिंसिपल, रामा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कानपुर), और श्रीमती गिरिजा शर्मा (प्रिंसिपल, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, कानपुर) मंच पर उपस्थित रहीं।- मुख्य अतिथि प्रोफेसर जसमी मनु और प्रोफेसर रोशनी निरालम ने छात्र व छात्राओं को दीप ज्योति ग्रहण कराकर नर्सिंग पेशे की गरिमा और समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सह-आचार्य नेहा सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय सह- आचार्य सुधा स्वामी ने प्रस्तुत किया। इसके बाद, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रीना कुमारी ने पूरे शैक्षणिक वर्ष की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उप-प्राचार्या डॉ. उमा माहेश्वरी पी. ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के प्रेरणादायक जीवन और उनकी सेवाओं का उल्लेख करते हुए नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने कहा, नर्सिंग पेशा न केवल गरिमापूर्ण है, बल्कि यह समाज में सेवा और समर्पण का प्रतीक भी है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की नर्सिंग टीम और स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवाभाव से कार्य कर क्षेत्र को नई पहचान दिलाई है। पहले मरीजों को उपचार के लिए झांसी जाना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है।

मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा आपको अपनी नर्सिंग सेवाओं पर गर्व करने और इस बात का सम्मान करने की आवश्यकता है कि इस नर्सिंग पेशे की आधिकारिक प्रविष्टि को हमेशा अस्पताल में मरीजों को आपकी देखभाल की याद दिलानी चाहिए। इस नर्सिंग कॉलेज की संबद्धता से सभी जिलों को नर्सिंग कॉलेज की उपयोगिता मिल गई है। इस नए सत्र का बैच पाने के लिए प्रिंसिपल डॉ. रीना कुमारी और डॉ. उमा महेश्वरी पी को बधाई मुख्य अतिथि श्रीमती रोसिली निरालम प्रिंसिपल सहारा कॉलेज आफ नर्सिंग, लखनऊ ने संबोधन करते हुए कहा कि छात्रों को नर्सिंग के प्रति समर्पित रहना हैं और मरीजो से कम्युनिकेट करके अपनी अहमियत को बढ़ावा दे।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्षाअधीक्षक डॉ0 प्रशांत निरंजन, डॉ. जितेंद्र मिश्रा, एवं नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकगण माया जोशी, केपल बाला, भावना सक्सेना, स्नेहा दीक्षित, ओमप्रकाश शर्मा, आकाश पाल और भानु शर्मा समस्त छात्र छात्रा उपस्थित रहे।



शनिवार को उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा से उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल का स्वागत करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बीजेपी उत्तराखंड अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट।

# आम आदमी पार्टी फिरौती वसूल करने वाली पार्टी बन गयी है :भाजपा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बालियान की कुछ ऑडियो क्लिप जारी करते हुए आज आरोप लगाया कि शराब घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी अब गेंगस्टर के साथ मिल कर फिरौती वसूलने वाली पार्टी बन गयी है।

भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया और दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में ऑडियो क्लिपों को मीडिया को सुनवाया और यह आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी कि वे इन ऑडियो क्लिपों को सुनकर विधायक को निष्कासित करें अन्यथा माना जाएगा कि ये वसूली उनके कहने से



की जा रही है। भाटिया ने कहा कि कट्टर बेईमान और पापी आम आदमी पार्टी अब कट्टर गुंडों की पार्टी बन गई है। पापी 'आप' का विधायक भी है और गैंगस्टर भी है। पापी 'आप' का सबसे बड़ा समर्थक गैंगस्टर हैं, जो खुलेआम वसूली करते हैं। पापी 'आप' का गुंडा विधायक अरविंद केजरीवाल की सहमति से अब वसूली और फिरौती का रैकेट चला रहा है। एक ऑडियो क्लिप सामने आया है, जिसमें पापी 'आप' के विधायक नरेश बाल्यान एक गैंगस्टर से बातचीत कर रहे हैं। इसमें वह एक बिल्डर से पैसे वसूलने के लिए उस गैंगस्टर से कह रहे हैं।



काजमा के पास ग्रैबोव्निका गांव में चित्रित की गई क्रिसमस की रोशनी।

## सार संक्षेप

### कैटरीना कैफ को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार मानते हैं विक्की कौशल



**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार मानते हैं। विक्की कौशल ने कहा कि उनकी पत्नी कैटरीना ने उनकी अलमारी का चार्ज ले लिया है। विक्की कौशल ने कहा कि कैटरीना इस बात का ध्यान रखती हैं कि वह 'थोड़ा प्रेजेंटेबल' दिखें। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कैटरीना को अपनी स्टाइलिंग टीम का 'सूबेदार' कहा है। विक्की कौशल ने स्वीकार किया कि वे 'फैशन में अक्षम' हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वे प्रेजेंटेबल दिखने के लिए एक टीम पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने लुक को सही बनाने के लिए 'सेना' पर निर्भर हैं। विक्की कौशल ने कहा, 'मैं वास्तव में एक फैशन में अक्षम व्यक्ति हूं। मैं खुद को थोड़ा प्रेजेंटेबल बनाने के लिए सेना पर निर्भर हूं।'

### नाटो सदस्यता के बदले हम संघर्ष समाप्त करने को तैयार : जेलेंस्की

**कीव**: यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में यूक्रेन की सदस्यता के बदले रूस के साथ संघर्ष के  को समाप्त करने की इच्छा जताई है। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जेलेंस्की को कहा कि अगर हम युद्ध को रोकना चाहते हैं, तो हमें अपने नियंत्रण वाले यूक्रेन के क्षेत्र को नाटो की छत्रछाया में रखना होगा। हमें यह कार्य तेजी से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाद में, यूक्रेन राजनयिक तरीके से उन क्षेत्रों को वापस पा सकता है, जो अब रूस द्वारा नियंत्रित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह गारंटी देने के लिए युद्धविराम आवश्यक है कि रूस अधिक यूक्रेनी क्षेत्र को जब्त करने के लिए वापस न लौटे।

### बांदीपुरा में ऊंचाई वाले इलाकों में हुई हल्की बर्फबारी


**श्रीनगर**: जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा के ऊंचे इलाकों में शनिवार को हल्की बर्फबारी हुयी और यहां अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचे स्थानों पर हल्की बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हल्की वर्षा के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने बताया कि बांदीपोरा गुरेज रोड के साथ राजदान टॉप पर हल्की बर्फबारी हुई। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने गुरेज बांदीपुरा रोड पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। इस बीच, आसमान में बादल छाए रहने के कारण कश्मीर में रात के तापमान में वृद्धि हुयी है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से एक डिग्री सेल्सियस ऊपर था। कश्मीर क्षेत्र में काजीगुंड, पहलगाम, कोनीबल, पुलवामा और शोपियां मौसम केंद्र ही न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में एक और सर्द रात रही, जहां पारा शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा, जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस कम है। पिछली रात पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे था।

# सीरिया: विद्रोहियों और सेना में संघर्ष

## अब तक हुई झड़पों में दोनों तरफ के 250 से ज्यादा लोग मारे गए

● नई दिल्ली, एजेंसी

**सीरिया** में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम (एचटीएस) और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है।



साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। एचटीएस ने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। सीरिया सरकार ने शनिवार को अलेप्पो एयरपोर्ट, हॉस्पिटल और शहर से जुड़ी सभी सड़कों को बंद कर दिया है। इस बीच रूस, सीरियाई सरकार की मदद में जुट गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक रूसी सेना ने शुक्रवार को विद्रोहियों और उनके हथियार गोदामों पर घातक बमबारी की। रूसी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में विद्रोहियों के 23 ठिकानों पर हमला किया और 200 से ज्यादा विद्रोहियों को मार गिराया है। सीरिया में 3 दिन पहले विद्रोहियों का शुरू हुआ हमला बशर अल-असद सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। अब तक हुई झड़पों में दोनों तरफ के 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति असद के 3 सबसे बड़े सहयोगी ईरान, हिजबुल्लाह और रूस घरेलू मामले में उलझे हैं। रूस, यूक्रेन से जंग लड़ रहा है, जबकि ईरान और हिजबुल्लाह का इजराइल के साथ विवाद चल रहा है। इन तीनों ने असद सरकार को गृह युद्ध से निपटने में अहम भूमिका निभाई थी। सीरिया, ईरान के लिए जरूरी है, क्योंकि हिजबुल्लाह और हमास तक हथियार पहुंचाने के लिए ईरान, सीरिया का इस्तेमाल करता है। ऐसे में जल्द ही ईरान, सीरिया को हथियार मुहैया करा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान समर्थक इराकी मिलिशिया सीरिया जा सकते हैं। इन मिलिशिया में कताइब हिजबुल्लाह, असाइब अहल अल हक, हरकत अल नुजबाह शामिल हैं।2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरूआत हुई थी। सीरिया के लोगों ने 10 साल से सत्ता में काबिज बशर अल-असद सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। इसके बाद 'फ्री सीरियन आर्मी' के नाम से एक विद्रोही गुट तैयार हुआ। विद्रोही गुट के बनने के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरूआत हो गई थी। इसमें अमेरिका, रूस, ईरान और सऊदी अरब के शामिल होने के बाद ये संघर्ष और बढ़ता गया। इस बीच, सीरिया में आतंकवादी संगठन क्रक्र ने भी पैर पसार लिए थे।

2020 के सीजफायर समझौते के बाद यहां सिर्फ छिटपुट झड़प ही हुई हैं।

# मोदी के नेतृत्व में दोगुना हो जाती है मध्यप्रदेश की ताकत : यादव

### कहा- मध्य प्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है

● भोपाल,

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान जर्मन निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है और उनके विजनरी नेतृत्व में सबकी ताकत दोगुनी हो जाती है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्किल्ड मैनेजमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। लैप समूह की मध्यप्रदेश में एक दशक से ज्यादा की उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि मध्यप्रदेश की पहुंच देश ही नहीं दक्षिण एशिया के बाजारों तक है। समूह ने बेंगलुरू के बाद मध्यप्रदेश को अपना बेस बना कर 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। डॉ. यादव ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है। डॉ यादव ने जर्मनी यात्रा के दौरान



स्टटगार्ट में लैप (एलएपीपी) ग्रुप के सीईओ मैथियास लैप और उनकी टीम के साथ फैक्ट्री का दौरा किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न उद्योग समूहों के प्रबंधन को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया, जिनमें निवेशकों के लिए भरपूर संभावनाएं मौजूद हैं। डॉ. यादव ने निवेशकों को भोपाल में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश से उद्योग के लिए नई संभवानाओं के द्वार खुलेंगे।डॉ. यादव ने भारत-जर्मनी के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए लैप उद्योग समूह के सीईओ मैथियास लैप का इस बात के लिए आभार प्रकट किया कि उन्होंने 2012 से अब तक 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश मध्यप्रदेश में किया है।

### सूडान अर्धसैनिक हमले में 12 की मौत

**खार्तूम**: सूडान के गीज़रि राज्य के गांवों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 12 लोग मारे गए, एक स्वयंसेवी समूह ने यह जानकारी दी। स्थानीय स्वयंसेवी समूह निदा अल-वासत प्लेटफार्म ने कहा कि आरएसएफ ने गुरुवार को पश्चिमी गीजीरा के अल-महेरिबा क्षेत्र में आठ गांवों को निशाना बनाया, भारी गोलाबारी की और निवासियों पर सीधे हमले किए। समूह ने एक बयान में कहा कि हमलों और गोलाबारी में अब तक मारे गए लोगों की संख्या 12 हो गई है, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। आरएसएफ ने आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अनुसार, सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से सूडानी सशस्त्र बलों और आरएसएफ के बीच विनाशकारी संघर्ष की चपेट में है।

### निजी यात्री बस पलटी चार लोगों की मौत

**खरगोन**: मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के सेगाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत खंडवा वडोदरा राजमार्ग पर आज दोपहर एक निजी यात्री बस के पलट जाने के चलते तीन महिलाओं और एक शिशु की मृत्यु हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि सेगांव से करीब 500 मीटर दूर खंडवा-वड़ोदरा मार्ग स्थित एक मोड़ पर निजी यात्री बस के पलटने के चलते तीन महिलाओं और एक शिशु की मृत्यु हो गई जबकि 16 लोग घायल हो गए। इन घायलों में से आठ को खरगोन के जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 वर्षीय आरती चौहान और 8 महीने के वेदांत की पहचान हो सकी है, शेष की शिनाख्त बाकी है। निजी यात्री बस खंडवा से अलीराजपुर जा रही थी।

### पुलिस महानिदेशक सक्सेना को दी विदाई

**भोपाल**: मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई परेड का आयोजन मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में किया गया। परेड से पहले पुलिस महानिदेशक सक्सेना ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुलिस मुख्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विदाई परेड में परेड कमाण्डर की जिम्मेदारी सोनाक्षी सक्सेना डीसीपी इंटेलिजेंस भोपाल तथा परेड टूआईसी सहायक सेनानी रवि शर्मा के नेतृत्व में आठ प्लाटून तथा पुलिस बैण्ड दल द्वारा परेड की गई। सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री सक्सेना ने कहा कि सर्वप्रथम मैं मध्यप्रदेश पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हृदय की गहराईयों से उनका स्मरण करता हूं। इन शहीदों के आत्मदान की नींव पर ही मध्यप्रदेश पुलिस की इमारत खड़ी हुई है।

## इसी का नाम जिंदगी...



गाजा में युद्ध के कारण एक अस्थायी आश्रय स्थल में फिलिस्तीनी लोगो।

# बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करें : मीरवाइज

### कहा- सजा और डर एक तानाशाही मानसिकता की पहचान है

● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर के अलगाववादी नेता एवं ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने उमर अब्दुल्ला सरकार से पिछले कुछ वर्षों में बर्खास्त किये गये कर्मचारियों को बहाल करने का आग्रह किया है।

इससे पहले जम्मू के किश्तवाड़ जिले के एक स्कूल शिक्षक जहीर अब्बास और दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के देवसर निवासी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के फार्मासिस्ट अब्दुल रहमान नाइका को शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर



सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया। इस अनुच्छेद के तहत सरकार को स्पष्टीकरण मांगे बिना या उनके आचरण की जांच किए बिना कर्मचारियों को बर्खास्त करने का अधिकार है। अब्दुल्ला के मुख्यमंत्री बनने के बाद से इस तरह की बर्खास्तगी का यह पहला मामला है।

मीरवाइज ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि दो और सरकारी कर्मचारियों को बिना किसी कानूनी मदद के कलम के वार से नौकरी से निकाल दिया गया! कड़ाके की सर्दी की शुरुआत से पहले ही परिवार बेसहारा हो गये। सजा और डर एक तानाशाही मानसिकता की पहचान है जो हम पर राज कर रही है। निर्वाचित सरकार को इस अन्याय को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए और बिना सुनवाई के भी इस अन्यायपूर्ण तरीके से नौकरी से निकाले गए सभी लोगों को बहाल करना चाहिए। जीएडी की ओर से बर्खास्तगी के आदेश जारी किए जाने के बाद पीडीपी के नेताओं ने इस कदम को बेशर्मी भरा अतिक्रमण करार दिया और निर्वाचित सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया।

# चीन में मिला दुनिया का सबसे बड़ा सोना का भंडार

## इसमें 1000 मीट्रिक टन सोना, जिसकी 83 बिलियन डॉलर से ज्यादा कीमत

● नई दिल्ली,

**चीन** के हुनान प्रांत में दुनिया का सबसे बड़ा सोना का भंडार मिला है। शिन्हुआ न्यूज के मुताबिक हुनान की पिंगजियांग काउंटी के पास हाई क्वालिटी का 1000 मीट्रिक टन सोना हो सकता है। इसकी कीमत 83 बिलियन डॉलर (7 लाख करोड़ रुपए) से भी ज्यादा आंकी गई है।

एक्सपर्ट चेन रुलिन का कहना है कि ड्रिल किए गए कई चट्टानों के कोर में साफ तौर पर सोना दिखाई दिया है। कोर के नमूनों से पता चलता है कि 1 मीट्रिक टन अयस्क में 138 ग्राम (लगभग 5 औंस) सोना हो सकता है। इसे अब तक दुनिया में खोजा गया सबसे बड़ा सोना का भंडार माना जा



रहा है। यह साउथ अफ्रीका की साउथ डीप खदान में 900 मीट्रिक टन सोना से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिंगजियांग काउंटी में 40 से ज्यादा सोने की दरारें मिली हैं। जियोलॉजिस्ट ने पहले यहां 300 मीट्रिक टन सोना होने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, बाद में मॉडलिंग का इस्तेमाल करने पर पता चला कि सोने की दरारों की गहराई 3000 मीटर तक है। इनमें अनुमान से 700 मीट्रिक टन ज्यादा सोना है। चीनी अधिकारी यहां आगे और भी रिसर्च कर रहे हैं। इसकी खोज करने वाली हुनान गोल्ड कॉरपोरेशन का कहना है कि बहुत ज्यादा गहराई होने की वजह से यह पता नहीं चल पाया है कि खदान में कितना सोना है। इसके चलते अभी कीमत के बारे में नहीं कहा जा सकता है। साल 2023 में वैश्विक उत्पादन में इसका हिस्सा लगभग 10% था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के पास 2,264 टन गोल्ड रिजर्व है। अगर किसी देश की करेंसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर होती है, तो सोने का भंडार उस देश की क्रय शक्ति और उसकी आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने में मदद करता है। 1991 में जब भारत की इकोनॉमी डूब रही थी और उसके पास सामान इंपोर्ट करने के लिए डॉलर नहीं थे तो उसने सोने को गिरवी रख पैसे जुटाए थे और इस फाइनेंशियल क्राइसिस से बाहर आया था। बहुत अधिक भंडार होने का मतलब है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है। यह भी पता चलता है कि वह देश अपने धन का अच्छी तरह से प्रबंधन करता है। ऐसे में अन्य देश और ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन उस देश पर ज्यादा भरोसा करते हैं। गोल्ड रिजर्व किसी भी देश की करेंसी वैल्यू का सपोर्ट करने के लिए एक सॉलिड एसेट प्रदान करता है।



शनिवार को पटना वीमेंस कॉलेज में छात्रों ने पटना विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह का जश्न मनाया।

# भारतीय संस्कृति का प्रतीक है महाकुंभ मेला



शाहीन सबा

**महाकुंभ** मेला भारत की गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। यह देश की सांस्कृतिक धरोहर है। यह मेला हमारी गौरवमयी संस्कृति का संवाहक है। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति एवं आस्था को दर्शाता है। यह कला-संस्कृति, गायन, नृत्य, हस्तकला को प्रोत्साहित करता है। इस मेले में संपूर्ण भारत की झलक मिलती है। इसमें प्राचीन भारत के साथ-साथ आधुनिक भारत का भी बोध होता है। मेले में सम्मिलित होने से आत्मा के अजर अमर होने की भारतीय मान्यता पर विश्वास अत्यधिक दृढ़ हो जाता है। यह मेला भारतीय दर्शन का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ कुंभ मेले का शुभारंभ होगा तथा 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ इसका समापन होगा। शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर, 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर तथा 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होगा।

## सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व

प्रयागराज हिंदुओं का अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहां गंगा, यमुना एवं सरस्वती का अद्भुत संगम होता है जिसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले के अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक में स्नान करके पुण्य अर्जित करते हैं। इनमें से प्रत्येक स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुंभ पर्वों के मध्य छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ का शाब्दिक अर्थ घड़ा एवं मेले का अर्थ एक स्थान पर एकत्रित होना है। कुंभ मेला अमृत उत्सव के नाम से भी प्रसिद्ध है। खगोल गणनाओं के अनुसार कुंभ मेला मकर संक्रांति के दिन प्रारंभ होता है। उस समय सूर्य एवं चंद्रमा, वृश्चिक राशि में तथा वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिवस को अति शुभ एवं मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुल जाते हैं। इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु अमृत से भरा हुआ कुंभ लेकर जा रहे थे तभी असुरों ने उन पर आक्रमण कर दिया। अमृत प्राप्ति के लिए देव एवं दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध होता रहा। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के समान होते हैं। इसलिए कुंभ भी बारह होते हैं। इनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं तथा शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं। देव एवं दानवों के इस संघर्ष के दौरान भूमि पर अमृत की चार बूंदें गिर गईं। ये बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में गिरीं। जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं वहां पर तीर्थ स्थल का निर्माण किया गया। तीर्थ उस स्थान को कहा जाता है जहां मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस प्रकार जहां अमृत की बूंदें गिरीं, उन स्थानों पर तीन-तीन वर्ष के अंतराल पर बारी-बारी से कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। इन तीर्थों में प्रयाग को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां तीन पवित्र नदियों गंगा, यमुना एवं सरस्वती का संगम होता है। इन नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।



भारत में महाकुंभ धार्मिक स्तर पर अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण आयोजन है। इसमें लाखों-करोड़ों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस बार के महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ तीर्थयात्रियों के सम्मिलित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। लगभग डेढ़ मास तक संचालित होने वाले इस आयोजन में तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए व्यवस्था की जाती है। उनके लिए टेंट लगाए जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटी सी नगरी अलग से बसा दी गई है। यहां तीर्थयात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। यह आयोजन प्रशासन, स्थानीय प्राधिकरणों एवं पुलिस की सहायता से आयोजित किया जाता है। इस मेले में दूर-दूर से साधु-संत आते हैं। कुंभ योग की गणना कर स्नान का शुभ मुहूर्त निकाला जाता है। स्नान से पूर्व मुहूर्त में नागा साधु स्नान करते हैं। इन साधुओं के शरीर पर भभूत लिपटी रहती है। उनके बाल लंबे होते हैं तथा वे वस्त्रों के स्थान पर शरीर पर मृगचर्म धारण करते हैं। स्नान के लिए विभिन्न नागा साधुओं के अखाड़े भव्य रूप से शोभा यात्रा की भांति संगम तट पर पहुंचते हैं। ये साधु मेले का आकर्षण का केंद्र होते हैं।

उत्तर प्रदेश धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। महाकुंभ मेले के कारण यहां विश्वभर से तीर्थयात्रियों के साथ-साथ पर्यटक भी आएंगे। इसलिए प्रयागराज के ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण किया जा रहा है। पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण मिलकर यह कार्य कर रहे हैं। मेला प्रशासन श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आस्था एवं सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है, जिससे उन्हें स्मरणीय अनुभव प्राप्त हो सके तथा वे यहां से प्रसन्नतापूर्वक वापस जाएं। पर्यटन विभाग जिन कॉरिडोर एवं नवीनीकरण परियोजनाओं की देखरेख कर रहा है, उनमें से मुख्य रूप से भारद्वाज कॉरिडोर, मनकामेश्वर मंदिर कॉरिडोर, द्वादश माधव मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, अलोप शंकरी मंदिर आदि सम्मिलित हैं।

### प्राकृतिक उत्पादों को प्रोत्साहन

भारतीय जीवन शैली सदैव से प्रकृति के लिए सुखद रही है। देश के अनेक राज्यों विशेषकर दक्षिण भारत में आज भी केले के पत्तों पर भोजन परोसा जाता है। धार्मिक आयोजनों में होने वाले सामूहिक भोज में भी पत्तलों पर भोजन परोसा जाता है। महाकुंभ मेले में प्राकृतिक उत्पाद जैसे दोना, पत्तल, कुल्हड़ एवं जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें पॉलीथिन एवं सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। पॉलीथिन एवं प्लास्टिक पर्यावरण के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है।

### स्वच्छता पर बल

हमारे देश में आत्मा की शुद्धि के साथ-साथ शारारिक स्वच्छता पर भी विशेष बल दिया जाता है। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बड़ी संख्या में आने के दृष्टिगत क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख शौचालय एवं मूत्रालय स्थापित किए जा रहे हैं। इनको स्वच्छ बनाए रखने के लिए भी व्यापक तैयारी की गई है। इसमें तकनीकी का भी प्रयोग किया जा रहा है। इन सभी की निगरानी का दायित्व गंगा सेवा दूतों को सौंपा गया है। वे प्रातः एवं सायं इनकी जांच करेंगे। क्यूआर कोड से स्वच्छता की मॉनीटरिंग की जा रही है। यह ऐप बेस्ड फीडबैक देगा, जिसके माध्यम से शीघ्र से शीघ्र सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इस बार मैनुअल शौचालय स्वच्छ करने की आवश्यकता नहीं होगी, अपितु जेट स्प्रे क्लीनिंग सिस्टम से कुछ क्षणों में पूरी तरह उन्हें स्वच्छ कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सेसपूल ऑपरेशन प्लान भी तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से मेला क्षेत्र में स्थापित शौचालयों के सेप्टिक टैंक को रिक्त किया जाएगा। सेप्टिक टैंक रिक्त करके यहां से वेस्ट को एसटीपी प्लांट या अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा।

### यातायात सुविधा

प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं की प्रत्येक सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। इसलिए यातावात की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। प्रयागराज आने वाली बसों, रेलगाड़ियों एवं वायुयान की संख्या में वृद्धि की जा रही है। महाकुंभ के लिए रेलवे द्वारा लगभग 1200 रेलगाड़ियां तथा परिवहन विभाग द्वारा सात हजार बसों का संचालन किया जाएगा।

# संघ प्रमुख के अनुसार राष्ट्रीय और व्यक्तिगत स्तर पर तप आवश्यक



कृष्णमोहन झा

**विज्ञान** और अध्यात्म के बारे में यह एक आम धारणा है कि ये दोनों एक दूसरे के परस्पर विरोधी हैं परंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस धारणा का खंडन करते हुए कहा है कि कि अध्यात्म और विज्ञान में परस्पर कोई विरोध नहीं हैं , अगर व्यक्ति के अंदर आस्था हो तो अध्यात्म और विज्ञान, दोनों ही उसके साथ न्याय करते हैं लेकिन अगर जिसको अपने साधन और ज्ञान का अहंकार है उसे अध्यात्म और विज्ञान में ज्ञान नहीं मिल सकता। संघ प्रमुख ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि श्रद्धा में अंधत्व का कोई स्थान नहीं है। जानो और मानो यही श्रद्धा है। संघ प्रमुख ने कहा कि गत 2000 वर्षों में विश्व अहंकार के प्रभाव में चला है । यह अपनी ज्ञानेंद्रिय से मैं जो प्राप्त करता हूं वही सही है । इसी सोच के साथ मानव तब से चला है जब से विज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ है लेकिन यही सब कुछ नहीं है। विज्ञान का भी एक दायरा है , एक मर्यादा है ,इसलिए यह मानना ग़लत है कि विज्ञान के आगे कुछ नहीं है। संघ प्रमुख ने विगत दिनों नई दिल्ली में मुकुल कानिटकर द्वारा लिखित पुस्तक 'बनाएं जीवन प्राणवान' के विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचारों को व्यापक संदर्भों में और स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि यही भारतीय सनातन संस्कृति की विशेषता है कि हमने बाहर देखने के साथ साथ अंदर देखना भी प्रारंभ किया और अंदर तह तक जाकर जीवन के सत्य को जान लिया। इसका और विज्ञान का विरोध होने का कोई कारण नहीं है। जानो तब मानो । अध्यात्म में भी यही पद्धति है। साधन अलग हैं । अध्यात्म में साधन मन है।मन की ऊर्जा प्राणों से आती है। प्रबल प्राण शक्ति व्यक्ति को आगे ले जाने की सामर्थ्य प्रदान करती है।

संघ प्रमुख ने जीवन में तप को महत्वपूर्ण बताते हुए कि राष्ट्रीय स्तर पर और व्यक्तिगत स्तर पर तप की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी जड़ों में एक प्राण शक्ति है । भारत में भी एक प्राणशक्ति है जो हमारे सामने है लेकिन हम उसे देख नहीं पा रहे हैं। वह प्राण हर व्यक्ति और हर चीज में है। वह प्राण 22 जनवरी को दिखाई दिया जिस दिन अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कार्यक्रम संपन्न हुआ । संघ प्रमुख ने कहा कि जब दुनिया में कहीं संकट आता है तो भारत तुरंत उसकी मदद के लिए आगे आता है। भारत कभी यह नहीं देखता कि वह देश हमारा मित्र है अथवा शत्रु है। भारत की चेतना के पीछे यही प्राण दिखाई देता है। यही भारत की पहचान है।



**विज्ञान और अध्यात्म के बारे में यह एक आम धारणा है कि ये दोनों एक दूसरे के परस्पर विरोधी हैं परंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस धारणा का खंडन करते हुए कहा है कि कि अध्यात्म और विज्ञान में परस्पर कोई विरोध नहीं हैं , अगर व्यक्ति के अंदर आस्था हो तो अध्यात्म और विज्ञान, दोनों ही उसके साथ न्याय करते हैं लेकिन अगर जिसको अपने साधन और ज्ञान का अहंकार है उसे अध्यात्म और विज्ञान में ज्ञान नहीं मिल सकता।**

वर्तमान समय में अपरिहार्य जीवन मूल्यों पर आधारित इस अनमोल पुस्तक के विमोचन समारोह में पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अवधेशानंद गिरि ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्राण का आधार परमात्मा है जो सर्वत्र है । प्राण की सत्ता परमात्मा से ही है। उसमें स्पंदन है । उसी से चेतना है। उसी से अभिव्यक्ति है, उसी से रस संचार है और वही जीवन है। पुस्तक लेखन के मुकुल कानिटकर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा की सहज अभिव्यक्ति प्राण है और उसकी व्याख्या इस पुस्तक में की गई है।

इस अवसर पर पुस्तक के लेखक मुकुट कानिटकर ने पुस्तक लेखन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सब कुछ वैज्ञानिक है। आयुर्वेद, वास्तुशास्त्र, स्थापत्य के साथ ही दिन चर्या तथा ऋतुचर्या के सभी नियम भी बिना कारण के नहीं है। संपूर्ण सृष्टि में प्राण आप्लावित है। लेखक ने आशा व्यक्त की कि नयी पीढ़ी के मन में उठने वाले सामान्य संदेहों के शास्त्रीय कारण स्पष्ट करने में उनकी पुस्तक सहायक सिद्ध होगी। समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने भी अपने व्याख्यान में कहा कि आज की पीढ़ी तर्क प्रधान पीढ़ी है लेकिन तर्क एक सीमा तक ही सही है। योगेश सिंह ने पुस्तक की विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक को पढ़कर जीवन से संबंधित लाइफ स्टाइल को समझने का मौका मिलेगा। इस पुस्तक में सभी को कुछ न कुछ नया मिलेगा।प्रो. योगेश सिंह ने कहा 100 वर्ष पुराने दिल्ली विश्वविद्यालय में संघ प्रमुख मोहन भागवत के आगमन को अविस्मरणीय पल बताया।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

# भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल



डॉ सत्यवान सौरभ

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से हुई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है।


लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसे और विश्वसनीयता बनाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और उसे रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा भेदने में इससे रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में।



**रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया।**

लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं। बेंगलुरु में डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट द्वारा विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी परियोजना है। कुछ सेंसर और एक्सेलेरोमीटर को छोड़कर मिसाइल के सभी घटक स्थानीय रूप से सोर्स किए गए हैं। हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है।

# यह ठेठ मालवी अंदाज बनाए रखिए मुख्यमंत्री जी!!



संजीव शर्मा
समाचार संपादक
आकाशवाणी भोपाल

**आमतौर** पर राजनीतिक पत्रकार वार्ताएं नीरस होती हैं क्योंकि नेता या तो पत्रकार वार्ता के पहले ही सब बता चुके होते हैं या फिर कुछ बताना नहीं चाहते। ऐसे में यदि पत्रकार वार्ता निवेश और आर्थिक विषय पर हो तो उसके और भी बोझिल होने के खतरे रहते हैं क्योंकि हजारों लाखों करोड़ रुपए के आंकड़े और उनका घिसा पिटा सा प्रस्तुतीकरण खबर के केंद्र होता है जो रुचिकर तो नहीं हो सकता । इसलिए जब यूनाइटेड किंगडम (यूके) और जर्मनी की यात्रा से लौटने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पत्रकार वार्ता की सूचना मिली तो यही उम्मीद थी कि रोज छप रहे निवेश प्रस्तावों और आंकड़ों के अलावा कुछ नहीं होगा। वैसे भी पत्रकार वार्ता का विषय भी इन देशों की यात्रा से जुटाए गए निवेश की जानकारी देना था इसलिए बिना कोई उम्मीदें पाले अपन भी मुख्यमंत्री निवास पहुंच गए। मुख्यमंत्री निवास का सभागार ठसाठस भरा था। दर्जनों कैमरे मशीनगन की तर्ज पर सीधे उस स्थान पर निशाना साधे थे जहां मुख्यमंत्री को बैठना था।

वहीं, रिवॉल्वर और बंदूकों जैसे छोटे मोटे हथियारों की तरह यूट्यूबर्स और पोर्टल वीरों के कैमरे सभागार में यत्र तत्र सर्वत्र बिखरे पड़े थे। बेचारे स्टिल कैमरे वाले अपने लिए ढंग की फोटो लेने लायक जगह जुगाड़ रहे थे। मुख्यमंत्री के हवाई अड्डे से यहां तक आने में कुछ देर हुई तो मीडिया के साथियों के लिए चाय और स्वल्पाहार के द्वार खोल दिए गए परंतु आलम यह था कि अग्रिम पंक्ति की कुर्सियां छिन जाने के डर से हम जैसे कई साथियों ने खानपान का बलिदान दे दिया और जो यह मोह नहीं छोड़ पाए उन्हें पहली से आखिरी पंक्ति में बैठना पड़ गया।खैर, अपने चिरपरिचित अंदाज़ में मुस्कराते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हम से रूबरू हुए। कुछ देर की औपचारिक जानकारी के बाद वे अपने रंग में आ गए और ठेठ मालवी अंदाज़ में उन्होंने अपने अनुभव बांटने शुरू किए। फिर क्या था बोरिंग सी पत्रकार वार्ता में आंकड़ों के साथ हंसी और ठहाकों के रंग घुल गए।

मुख्यमंत्री ने अपने निजी अनुभव से कई दिलचस्प बातें साझा की मसलन कारों की स्पीड पर उन्होंने ठेठ मालवी अंदाज़ में कहा कि कार में दो ढाई सौ की स्पीड में ऐसा लग रहा था जैसे हवा में उड़ रहे हैं और डर भी लग रहा था कि कहीं उड़ा ही न दे। एक और किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी राजनयिकों से चर्चा के दौरान जब वहां की एक महिला अधिकारी ने भारत और मध्य प्रदेश की तारीफ में कसीदे पढ़ने शुरू किए तो हमने ही इशारे से रोक दिया क्योंकि बहनजी नौकरी तो वहीं की कर रही थीं और भारत प्रेम कहीं उनकी नौकरी न ले बैठे ।जैसे जैसे बात आगे बढ़ी मुख्यमंत्री का अंदाज बिल्कुल परिवार के मुखिया या उस वरिष्ठ सदस्य की तरह होता गया जो कौतूहल के साथ अपने परिजनों को यात्रा के किस्से सुनाता है। डॉ यादव भी किस्सागो बन गए फिर चाहे वह डायनासोर को कीचड़ में फंसा कर शिकार करने की बात हो या दुनिया के इस विशालतम प्राणी को कैंसर होने की, ब्रिटेन की संसद के भीतर चर्च खोजकर उनकी धर्मनिरपेक्षता पर कटाक्ष हो या वहां राज्यसभा में मिलने वाली जीवनभर की सदस्यता, मुख्यमंत्री ने खूब चुटकियां ली। उन्होंने कहा कि वहां आप एक बार सदस्य बने तो बस फिर फोटो टंगने तक बने रहते हैं और हमारे यहां छह साल भी लोगों को भारी लगने लगते हैं। स्वामीनारायण मंदिर के निर्माण की कहानी सुना कर न केवल उन्होंने बातों ही बातों में भारतीय मंदिर निर्माण की उच्च शैली,स्थापत्य कला और एकजुटता की महत्ता साबित कर दी।

वहीं, ब्रिटेन में डॉ भीमराव आंबेडकर के पंचतीर्थ की स्थापना के प्रति गोरों की शुरुआती प्रतिक्रिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने यह समझाने की कोशिश की कि यदि सरकार मजबूत और दृढ़ इच्छा शक्ति वाली हो तो किसी भी बाधा को दूर किया जा सकता है। निवेश के आंकड़ों पर कुरेद रहे एक साथी को उन्होंने यह कहकर लाजवाब कर दिया कि 78 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों का उल्लेख करने बैठूंगा तो बहुत समय लग जाएगा इसलिए आज नकारात्मकता छोड़िए,आंकड़े आप तक पहुंच जाएंगे। कुल मिलाकर कहने का आशय यह है कि यदि आप पद की गरिमा के साथ अपनी सहजता,सरलता,जड़ों से जुड़ाव और अपनेपन को कायम रखते हैं तो नीरस विषय पर भी सकारात्मक और उल्लासपूर्ण बातचीत हो सकती है। यह सहजता आजकल कम देखने को मिलती है क्योंकि जैसे ही व्यक्ति उच्च पद पर पहुंचता है,वह अपनी जड़ों से दूर होने लगता है और सहज हास्य उसे अपने कद के प्रतिकूल लगने लगता है। लेकिन, डॉ मोहन यादव ने उच्च पद के बाद भी अपने मूल स्वभाव,सहजता,सरलता और खांटी मालवी शैली को नहीं छोड़ा है,अपने इस अंदाज़ को,सरलता को और ठेठ देसीपन को बनाए रखिए मुख्यमंत्री जी।




**निवेश के आंकड़ों पर कुरेद रहे एक साथी को उन्होंने यह कहकर लाजवाब कर दिया कि 78 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों का उल्लेख करने बैठूंगा तो बहुत समय लग जाएगा इसलिए आज नकारात्मकता छोड़िए,आंकड़े आप तक पहुंच जाएंगे।कुल मिलाकर कहने का आशय यह है कि यदि आप पद की गरिमा के साथ अपनी सहजता,सरलता,जड़ों से जुड़ाव और अपनेपन को कायम रखते हैं तो नीरस विषय पर भी सकारात्मक और उल्लासपूर्ण बातचीत हो सकती है। यह सहजता आजकल कम देखने को मिलती है क्योंकि जैसे ही व्यक्ति उच्च पद पर पहुंचता है,वह अपनी जड़ों से दूर होने लगता है और सहज हास्य उसे अपने कद के प्रतिकूल लगने लगता है।**

